भारतीय रिज़र्व बैंक

बुलेटिन

जून 2018

खंड 72 अंक 6

संपादन समिति
जनक राज
गौतम चैटर्जी
राजीव रंजन

संपादक
शशीधर एम. लोकरे

भारतीय रिज़र्व बैंक बुलेटिन संपादकीय समिति के निर्देशन में आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग द्वारा मासिक आधार पर प्रकाशित किया जाता है। इसमें व्यक्त व्याख्याओं और विचारों के लिए बैंक का केंद्रीय निदेशक मंडल उत्तरदायी नहीं है। हस्ताक्षरित लेखों में व्यक्त विचारों के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी हैं।

© भारतीय रिज़र्व बैंक 2018

सर्वाधिकार सुरक्षित।
सामग्री के पुन: प्रयोग की अनुमति है,
बशर्ते कि स्रोत का उल्लेख किया जाए।

बुलेटिन के सदस्यता शुल्क के लिए कृपया ''भारतीय रिज़र्व बैंक के हाल के महत्वपूर्ण प्रकाशन'' खंड देखें।

भारतीय रिज़र्व बैंक बुलेटिन को इंटरनेट के माध्यम से **http://www.bulletin.rbi.org.in** पर भी देखा जा सकता है।

विषय-वस्तु

मौद्रिक नीति वक्तव्य, 2018-19

दूसरा द्विमासिक मौद्रिक नीति वक्तव्य, 2018-19 1

भाषण

भुगतान के क्षेत्र में उत्कृष्टता
बी. पी. कानूनगो 11

लेख

निजी कॉर्पोरेट कारोबार क्षेत्र का निष्पादन :
2016-17 से ति3 : 2017-18 15

वर्तमान सांख्यिकी **27**

हाल के प्रकाशन **71**

मौद्रिक नीति वक्तव्य, 2018-19

दूसरा द्विमासिक मौद्रिक नीति वक्तव्य, 2018-19

दूसरा द्विमासिक मौद्रिक नीति वक्तव्य, 2018-19: मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी), भारतीय रिज़र्व बैंक का संकल्प*

मौद्रिक नीति समिति ने आज की अपनी बैठक में वर्तमान और उभरती समष्टिगत आर्थिक परिस्थिति के आकलन के आधार पर यह निर्णय लिया है कि -

- चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) के तहत नीतिगत रिपो दर को 25 आधार अंक बढ़ाकर 6.25 प्रतिशत किया जाए।

परिणामस्वरूप, एलएएफ के तहत प्रतिवर्ती रेपो दर 6.0 प्रतिशत पर और सीमांत स्थायी सुविधा (एमएसएफ) दर तथा बैंक दर 6.50 प्रतिशत पर बरकरार रहेगी।

एमपीसी का निर्णय मौद्रिक नीति के तटस्थ रुझान के अनुरूप है। इसका तारतम्य, वृद्धि को सहारा प्रदान करते हुए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति के 4 प्रतिशत के मध्यावधिक लक्ष्य को +2/-2 प्रतिशत के दायरे में रखने के उद्देश्य से भी है। इस निर्णय के समर्थन में प्रमुख विवेचनों का वर्णन नीचे दिए गए विवरण में किया गया है।

आकलन

2. एमपीसी की अप्रैल में अंतिम बैठक के समय से वैश्विक आर्थिक गतिविधि में विस्तार जारी है, हालांकि गति में कुछ सहजता आई है। उन्नत अर्थव्यवस्थाओं (एई) में, अमेरिकी अर्थव्यवस्था ने नरम निजी खर्च और कम आवासीय निवेश के चलते वर्ष की शुरुआत कमजोरी के साथ की है, तथापि, दूसरी तिमाही में मजबूत खुदरा बिक्री और उन्नत रोजगार आंकड़ों के साथ सुधार प्रतीत होता है। यूरो क्षेत्र की वृद्धि में पहली तिमाही में गिरावट आई, हाल के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े और कमजोर उपभोक्ता और कारोबारी भावना से गति में कमी की ओर संकेत करते हैं। जापानी अर्थव्यवस्था पहली तिमाही में संकुचित हुई, हालांकि दूसरी तिमाही में इसमें सुधार होने की संभावना है जैसाकि निर्यात और विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) पर हाल के आंकड़ों द्वारा संकेत दिया गया है।

3. प्रमुख उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं (ईएमई) में आर्थिक गतिविधि काफी लचीली रही। चीनी अर्थव्यवस्था ने पहली तिमाही में मजबूत गति कायम रखी, औद्योगिक उत्पादन पर हाल ही के आंकड़े और पीएमआई दर्शाता है कि दूसरी तिमाही में वृद्धि के स्थिर रहने की संभावना है। रूसी अर्थव्यवस्था में वर्ष 2017 के अंत में नरमी के बाद हाल के वर्षों में बढ़ोतरी प्रतीत होती है, दोनों विनिर्माण और सेवाओं के पीएमआई में अप्रैल में बढोतरी हुई। दक्षिण अफ्रीका में, राजनीतिक स्थिरता आने से वृद्धि संभावनाओं में सुधार हुआ है जैसाकि उपभोक्ता विश्वास, विनिर्माण पीएमआई और खुदरा बिक्री में प्रतिलक्षित हुआ है। इसके विपरीत, ब्राजील से उच्च बेरोजगारी और नरम औद्योगिक उत्पादन पर कमजोर आंकड़े दर्शाते हैं कि मंदी के प्रभाव बने हुए हैं।

4. वैश्विक व्यापार वृद्धि में मजबूती बनी हुई है, हालांकि भौगोलिक-राजनीतिक तनाव से हाल ही में निर्यात आदेशों और हवाई माल भाड़े में गिरावट आई है। बढ़े हुए भौगोलिक-राजनीतिक तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतें 24 मई तक तेजी से बढ़ी किंतु इसके बाद पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (ओपेक) और रूस द्वारा आपूर्ति को सहज करने की संभावनाओं से कीमतों में नरमी आई। रूस पर अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण मूल धातु विशेषकर एल्यूमिनियम की कीमतें बढ़ गई। मजबूत डॉलर के कारण स्वर्ण ने बिक्री दबाव देखा है किंतु पिछले सप्ताह में यूरो क्षेत्र में राजनीतिक अनिश्चितता के कारण इस धातु में सुधार हुआ। बढ़ती पण्य-वस्तु कीमतों के आंशिक रूप से कुछ प्रमुख उन्नत और उभरती अर्थव्यवस्थाओं में मुद्रास्फीति दबाव बढ़ गया।

5. वित्तीय बाजारों पर मौद्रिक नीति प्रत्याशाओं और भौगोलिक-राजनीतिक गतिविधियों को प्रमुख रूप से असर पड़ा। इक्विटी बाजार निष्पादन क्षेत्रों में अलग-अलग रहा है, जो उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में पहली तिमाही के मजबूत अर्जन और व्यापार तनाव के कम होने के चलते ठीकठाक अभिलाभ हुआ है, जबकि प्रमुख उभरती बाजार

* 06 जून, 2018 को जारी किया गया।

अर्थव्यवस्थाओं में स्टॉकों को बढ़ते हुए डॉलर और फेडरल रिज़र्व बैंक द्वारा और वृद्धि की प्रत्याशाओं के चलते सेल-ऑफ का सामना करना पड़ा है। अमेरिका में 10 वर्षीय सॉवरेन प्रतिफल मई के मध्य में 3 प्रतिशत को पार कर गया जिसका कारण मजबूत आर्थिक आंकड़े और सख्त मौद्रिक नीति की प्रत्याशाएं रही किंतु बाद में सुरक्षित आश्रय मांग के कारण इसमें नरमी आई, अन्य मुख्य उन्नत अर्थव्यवस्थाओं (एई) में भी प्रतिफलों में नरमी आई। तथापि, अधिकांश ईएमईज में, वैश्विक बाजार में बढ़ते डॉलर की कमी के कारण उनके ऋण के लिए कम हुई विदेशी भूख के चलते बॉन्ड प्रतिफल बढ़ गए हैं। मुद्रा बाजारों में, अमेरिकी डॉलर ने दिसंबर 2017 से लेकर मई में अपने उच्चतम स्तर को छुआ। डॉलर की तुलना में यूरो में काफी मूल्यह्रास हुआ जो मिश्रित कारक दिखाता है जिसमें यूरो क्षेत्र के लिए नरम वृद्धि आंकड़े शामिल हैं जिन्होंने दर्शाया कि यूरोपीय सेंट्रल बैंक द्वारा मौद्रिक नीति के सामान्यीकरण में विलंब हो सकता है और दूसरा कारक इसके दक्षिणी क्षेत्र में अनिश्चितता भी है। समान्य तौर पर ईएमई मुद्राओं में अमेरिकी डॉलर की तुलना में मूल्यह्रास हुआ है।

6. घरेलू मोर्चे पर केंद्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (सीएसओ) ने 31 मई को वर्ष 2017-18 की चौथी तिमाही के लिए राष्ट्रीय आय लेखों के तिमाही अनुमान और वर्ष 2017-18 के लिए अनंतिम अनुमान जारी किए। वर्ष 2017-18 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 6.7 प्रतिशत अनुमानित की गई है जो 28 फरवरी को जारी किए गए दूसरे अग्रिम अनुमानों से 0.1 प्रतिशत अंक ज्यादा है। बंपर फसल और ग्रामीण आवास और इंफ्रास्ट्रक्चर पर सरकार के जोर के चलते विशेषकर उन्नत ग्रामीण मांग के कारण निजी अंतिम उपभोग व्यय में काफी अधिक बढ़ोतरी से इस वृद्धि को सहारा मिला है। तिमाही आंकड़े दर्शाते हैं कि वर्ष 2017-18 की चौथी तिमाही में अर्थव्यवस्था 7.7 प्रतिशत से बढ़ी जो पिछली सात तिमाहियों में सबसे तेज गति है। सकल स्थायी पूंजी निर्माण (जीएफसीएफ) वृद्धि चौथी तिमाही तक लगातार तीन तिमाहियों में बढ़ी।

7. आपूर्ति पक्ष पर, कृषि और संबद्ध कार्यकलापों के अनुमानों को भी बढ़ाया गया है जिनमें वर्ष के दौरान खाद्यान्न और बागवानी में अब तक के सबसे अधिक उत्पादन द्वारा सहायता मिली। तिमाही आधार पर, वर्ष 2017-18 की चौथी तिमाही में कृषि वृद्धि तेजी से बढ़ी। 16 अप्रैल को भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने सामान्य दक्षिण-पश्चिमी मानसून वर्षा का पूर्वानुमान लगाया है जिसकी 30 मई को पुनः पुष्टि की गई। यह कृषि क्षेत्र के लिए अच्छा संकेत है।

8. औद्योगिक वृद्धि में भी मजबूती आई जो विनिर्माण के मजबूत निष्पादन को प्रतिलक्षित करती है, यह चौथी तिमाही में निरंतर तीन तिमाहियों में तेज हुई है। विनिर्माण फर्मों द्वारा क्षमता उपयोग वर्ष 2017-18 की चौथी तिमाही में काफी बढ़ा जैसाकि रिज़र्व बैंक के आदेश बही, इन्वेंटरी और क्षमता उपयोग सर्वेक्षण (ओबीआईसीयूएस) के नवीनतम दौर में देखा गया। कोयले के उत्पादन में तेज विस्तार के कारण आठ मुख्य उद्योगों का उत्पादन अप्रैल में तीव्र हुआ जो 42 महीनों के अपने उच्च स्तर पर पहुंच गया। सीमेंट उत्पादन ने भी अप्रैल में लगातार छह महीनों के लिए दुहरी अंकों में वृद्धि दिखाई। तथापि, विद्युत उत्पादन में कमी आई। रिज़र्व बैंक के औद्योगिक संभावना सर्वेक्षण (आईओएस) के अप्रैल-जून दौर के शुरुआती परिणामों के अनुसार, इनपुट कीमतों में उल्लेखनीय वृद्धि और घरेलू और बाह्य मांग स्थिति की अवधारणों के कारण वर्ष 2018-19 की पहली तिमाही में गतिविधि में कम दर से विस्तार होने की संभावना है। तथापि, नए घरेलू आदेशों और निर्यात के सहारे मई में विनिर्माण पीएमआई लगातार दसवें महीने के लिए विस्तारकारी मोड में रहा।

9. हालांकि, व्यापार, होटल, परिवहन और संचार तथा वित्तीय सेवाओं जैसे कुछ संघटकों में कम वृद्धि के कारण सेवा क्षेत्र की वृद्धि नीचे की ओर संशोधित की गई, फिर भी यह मजबूत रही। निर्माण कार्यकलाप ने नई श्रृंखला (आधार 2011-12) में चौथी तिमाही में उच्चतम वृद्धि दर्ज की। विभिन्न उच्च बारंबारता सूचक भी सेवा क्षेत्र का लचीला निष्पादन दर्शाते हैं। ट्रैक्टरों और दुपहिया वाहनों की बढ़ती बिक्री ग्रामीण मांग की मजबूती दर्शाती है। वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री भी अप्रैल में तेज हुई। रेलवे के राजस्व अर्जन मालभाड़ा ट्रैफिक में वृद्धि हुई जिसका कारण कोयले, उर्वरकों और सीमेंट में बढ़ोतरी थी। यात्री वाहनों की बिक्री वृद्धि तेज हुई किंतु अप्रैल में लागतार तीसरे महीने के लिए बंदरगाह ट्रैफिक में गिरावट आई। अप्रैल में घरेलू हवाई

यात्री ट्रैफिक उल्लेखनीय रूप से बढ़ा। निर्माण कार्यकलाप के दो मुख्य सूचक-सीमेंट उत्पादन वृद्धि तेज हुई और इस्पात उपभोग में सुधार हुआ। सेवा पीएमआई मई में थोड़ी कम हुई जो कारोबारी गतिविधि में कमी और नए आदेशों का ठहराव प्रतिलक्षित करती है।

10. सीपीआई में वर्ष-दर-वर्ष बदलाव द्वारा मापित खुदरा मुद्रास्फीति अप्रैल में तेजी से बढ़कर 4.6 प्रतिशत हो गई, ऐसा मुख्य रूप से खाद्य और ईंधन को छोड़कर मुद्रास्फीति में काफी वृद्धि के कारण हुआ। केंद्रीय कर्मचारियों के लिए आवास किराया भत्तों (एचआरए) में वृद्धि के अनुमानित प्रभाव को छोड़कर हेडलाइन मुद्रास्फीति मार्च के 3.9 प्रतिशत से बढ़कर अप्रैल में 4.2 प्रतिशत हो गई। खाद्य मुद्रास्फीति लगातार चौथे महीने के लिए नरम रही, ऐसा सब्जियों की कीमतों में साधारण मौसमी वृद्धि की अपेक्षा कम वृद्धि, दलहन और चीनी, जिनमें अवस्फीति बनी हुई है, के कारण हुआ। तथापि, खाद्य समूह के अंदर, अनाज, फलों, तैयार भोजन, माँस और मछली में मुद्रास्फीति बढ़ी।

11. मुख्य रूप से तरल पेट्रोलियम गैस में अंतरराष्ट्रीय कीमतों के अनुरूप गिरावट और विद्युत में गिरावट के कारण अप्रैल में लगातार पांचवे महीने में ईंधन समूह की मुद्रास्फीति में कमी आई। तथापि, अन्य प्रमुख ईंधन मदों जैसे जलाई जाने वाली लकड़ी और चिप्स, उपलों, केरोसिन और कोयले में वृद्धि हुई। परिवहन और संचार उप-समूह में मुद्रास्फीति तेज हुई जिसका कारण कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों का बढ़ना था, हालांकि पेट्रोल और डीज़ल में घरेलू पास-थ्रू अपूर्ण था। कपड़ों, घरेलू सामान और सेवाओं, स्वास्थ्य, मनोरंजन, शिक्षा तथा व्यक्तिगत देखभाल और इसके सामान में भी मुद्रास्फीति बढ़ी।

12. रिज़र्व बैंक के परिवार सर्वेक्षण के मई 2018 के दौर में तीन महीनों और एक वर्ष आगे की अवधि में परिवार मुद्रास्फीति प्रत्याशाओं में क्रमशः 90 आधार अंक और 130 आधार अंकों की उल्लेखनीय वृद्धि रिपोर्ट की गई। रिज़र्व बैंक के आईओएस में पोल की गई विनिर्माण फर्मों ने वर्ष 2018-19 की पहली तिमाही में इनपुट मूल्य दबावों और बिक्री कीमतों में वृद्धि रिपोर्ट की। मई में विनिर्माण पीएमआई में राय देने वाली फर्मों ने भी इनपुट और आउटपुट कीमतों में तेज वृद्धि दर्शाई। खेती इनपुट और औद्योगिक कच्चे माल की लागत क्रमिक रूप से बढ़ी है। ग्रामीण क्षेत्र में मजदूरी दबावों में नरमी आई, तथापि संगठित क्षेत्र में ये दृढ़ रहे।

13. अप्रैल-मई 2018 के दौरान प्रणाली में चलनिधि सामान्य रूप से अधिशेष में रही। अप्रैल के दौरान रिज़र्व बैंक ने विशेषकर महीने के दूसरे पखवाड़े में बढ़े हुए सरकारी खर्च के कारण दैनिक निवल औसत आधार पर ₹ 496 बिलियन अधिशेष चलनिधि अवशोषित की। सहज चलनिधि स्थिति दर्शाते हुए, भारित औसत कॉल दर (डब्ल्यएसीआर) अप्रैल में कम होकर 5.89 प्रतिशत हो गई (मार्च में 5.96 प्रतिशत)। तथापि, प्रणाली में अधिशेष चलनिधि मई के पहले पखवाड़े में काफी कम हुई था तथा सेवा और वस्तु कर (जीएसटी) के चलते अंतर्वाह के कारण मई के तीसरे सप्ताह में प्रणाली में घाटे की स्थिति आ गई। रिज़र्व बैंक ने प्रणाली में ₹ 100 बिलियन की चलनिधि उपलब्ध कराने के लिए 17 मई 2018 को खुला बाजार परिचालन खरीद नीलामी आयोजित की। मई के अंतिम सप्ताह में प्रणाली में फिर से अधिशेष आ गया जिसने मुख्य रूप से खाद्य सब्सिडी के भुगतान को प्रतिलक्षित किया। एलएएफ के अंतर्गत दैनिक निवल औसत आधार पर अधिशेष चलनिधि अवशोषित की गई जो मई में घटकर ₹ 142 बिलियन हो गई। मई में 5.88 प्रतिशत पर डब्ल्यूएसीआर व्यापक रूप से अप्रैल 2018 के स्तर पर रहा।

14. अप्रैल 2018 में भारत का निर्यात पिछले महीने के मामूली डुबकी के बाद बढ़ गया जो कि मुख्य रूप से गैर-तेल निर्यात के समर्थन, विशेष रूप से इंजीनियरिंग सामान और रसायनों के कारण हुआ। अप्रैल 2018 में विकास दर क्रमशः कम हो गई; सोने के साथ-साथ मोती और कीमती पत्थरों के आयात में ज्यादा गिरावट आई है जो कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के प्रभाव के कारण है। फिर भी,एक साल पहले व्यापार घाटा मार्च और अप्रैल में अपने स्तर से बढ़ गया था। 2017-18 में बाहरी वित्तपोषण आरामदायक रहा। जबकि 2017-18 में सकल विदेशी प्रत्यक्ष निवेश पिछले वर्ष के साथ व्यापक रूप से तुलनीय था, ऋण प्रवाह में तेजी से बदलाव के कारण सकल विदेशी पोर्टफोलियो प्रवाह मजबूत थे । हालांकि,विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने 2018-19 (4 जून तक) में घरेलू पूंजी बाजार से सकल आधार पर 6.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर वापस ले लिए

जो वैश्विक वित्तीय बाजारों में अस्थिरता को दर्शाता है। 1 जून 2018 को भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 412 बिलियन अमेरिकी डॉलर था।

परिदृश्य

15. अप्रैल में 2018-19 के पहले द्वि-मासिक वक्तव्य में सीपीआई मुद्रास्फीति को एच1: 2018-19 में 4.7-5.1 प्रतिशत और एच2 में 4.4 प्रतिशत की सीमा में अनुमानित किया, जिसमें केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए एचआरए प्रभाव शामिल है, जिसमें ऊपर की ओर जोखिम जुड़ा हुआ है। एचआरए संशोधन के प्रभाव को छोड़कर, सीपीआई मुद्रास्फीति एच1: 2018-19 में 4.4-4.7 प्रतिशत और एच2 में 4.4 प्रतिशत थी। अप्रैल नीति के बाद से वास्तविक मुद्रास्फीति के परिणाम अनुमानित ट्रेजेक्टरी के अनुसार व्यापक रूप से विकसित हुए हैं। तथापि, यहां पर एक महत्वपूर्ण रचनात्मक बदलाव हुआ है। जबकि सब्जियों की कीमतों में गर्मी की गति सामान्य पैटर्न की तुलना में कमजोर थी, खाद्य और ईंधन को छोड़कर सीपीआई मुद्रास्फीति में अचानक तेजी हुई।.

16. हेडललाईन मुद्रास्फीति परिदृश्य मुख्य रूप से दो प्रतिकूल प्रभाव से प्रेरित होता है। एक तरफ, खाद्य और ईंधन को छोड़कर सीपीआई मुद्रास्फीति मार्च से अप्रैल में 80 आधार अंकों से बढ़कर 5.3 प्रतिशत के पूर्व- एचआरए स्तर तक पहुंच गई, जो कि अंतर्निहित मुद्रास्फीति दबावों के सख्त होने का संकेत करते है। इसके अलावा, अप्रैल आरंभ में एमपीसी की बैठक के बाद, क्रूड के भारतीय बास्केट की कीमत 66 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर 74 अमेरिकी डॉलर हो गई। यह, अन्य वैश्विक वस्तुओं की कीमतों और हाल के वैश्विक वित्तीय बाजार विकास में वृद्धि के साथ-साथ, जिसके परिणामस्वरूप इनपुट लागत के दबाव में मजबूती आई है, जिसकी पुष्टि ति2:2018-19 में रिजर्व बैंक के विनिर्माण कंपनियों के लिए आईओएस में भी हुई है। खाद्य, ईंधन और एचआरए को छोड़कर मुद्रास्फीति की गति में परिणामी पिक-अप ने 2018-19 के लिए उच्च सीपीआई अनुमानों में दृढ़ता प्रदान की है। दूसरी तरफ,खाद्य मुद्रास्फीति पिछले कुछ महीनों में मौन रही है और सामान्य मौसमी पिकअप में देरी हुई है,जो अल्पावधि में अनुमानों को नरम कर रही है। इन प्रभावों को ध्यान में

चार्ट 1: सीपीआई मुद्रास्फीति (वर्ष-दर-वर्ष) का त्रैमासिक पूर्वानुमान



रखते हुए, अनुमानित सीपीआई मुद्रास्फीति 2018-19 के लिए एच1 में 4.8-4.9 प्रतिशत और एच2 में 4.7 प्रतिशत संशोधित की गई है, जिसमें केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए एचआरए प्रभाव शामिल है,जिसमें ऊपर की ओर जोखिम जुड़ा हुआ है (चार्ट 1)। एचआरए संशोधन के प्रभाव को छोड़कर,सीपीआई मुद्रास्फीति एच1 में 4.6 प्रतिशत और एच2 में 4.7 प्रतिशत पर अनुमानित है।

17. विकास परिदृश्य की ओर मुड़ते हुए, सीएसओ के अनंतिम अनुमानों ने ति4: 2017-18 के लिए सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि को 7.7 प्रतिशत पर रखा है - जो कि ति3 की तुलना से 70 आधार अंक उच्च पर है- निवेश और निर्माण गतिविधि में तेज गतिवृद्धि दी गई है। क्षमता उपयोग और क्रेडिट ऑफटेक में सुधार के साथ, हाल के महीनों में वित्त पोषण की स्थिति में कुछ कटौती होने के बावजूद निवेश गतिविधि मजबूत रहने की उम्मीद है। वैश्विक मांग भी उत्साहजनक रही है, जो निर्यात को प्रोत्साहित करेगी और निवेश को और जोर देगी। पेट्रोलियम उत्पाद की कीमतों में तेज वृद्धि, हालांकि,प्रयोज्य आय को प्रभावित कर सकती है। ग्रामीण और शहरी दोनों उपभोग, मजबूत बना हुआ है और इसके आगे बढ़ने की उम्मीद है। रिज़र्व बैंक के आईओएस के शुरुआती परिणामों के मुताबिक, विनिर्माण क्षेत्र में गतिविधि की कुल व्यापार स्थिति और ऑर्डर बुक में गिरावट के कारण ति2: 2018-19 में मामूली

चार्ट 2: वास्तविक सकल देशी उत्पाद वृद्धि का (वर्ष-दर-वर्ष) त्रैमासिक पूर्वानुमान



रूप से मामूली वृद्धि की उम्मीद है। एक समग्र मूल्यांकन के आधार पर, 2018-19 के लिए सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि अप्रैल नीति में 7.4 प्रतिशत पर बरकरार रखी गई है। सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि एच1 में 7.5-7.6 प्रतिशत और एच2 में 7.3-7.4 प्रतिशत की सीमा में अनुमानित है, जिसमें जोखिम समान रूप से संतुलित है (चार्ट 2)।

18. अप्रैल के संकल्प में बेसलाइन मुद्रास्फीति पथ के लिए एक प्रमुख उध्वर्गामी जोखिम कार्यान्वित किया गया, अर्थात, भारतीय क्रूड बास्केट की कीमत में 12 प्रतिशत की वृद्धि, जो पहले के अपेक्षित से तेज थी और टिकाऊ प्रतीत होती है। कच्चे तेल की कीमतों में हाल ही में अस्थिरता रही हैं और यह दोनों ऊपर और नीचे की तरफ मुद्रास्फीति परिदृश्य के लिए काफी अनिश्चितता प्रदान करती है। कई अन्य जोखिम बने हुए हैं। सबसे पहले,वैश्विक वित्तीय बाजार विकास अनिश्चितता के एक और महत्वपूर्ण स्रोत के रूप में उभरा है। दूसरा, रिजर्व बैंक के मई 2018 सर्वेक्षण के दौर में इकट्ठे किए परिवार मुद्रास्फीति प्रत्याशा में उल्लेखनीय वृद्धि आने वाले महीनों में मजदूरी और इनपुट लागत को पूरा कर सकती है। हालांकि, वर्तमान में आउटपुट कीमतों में पास-थ्रू मौन बना हुआ है, तीसरे,विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा एचआरए संशोधन के टेढ़े प्रभाव से हेडलाईन मुद्रास्फीति बढ़ सकती है। जबकि एचआरए संशोधन के सांख्यिकीय प्रभाव को देखा जाएगा, मुद्रास्फीति पर किसी भी दूसरे दौर के प्रभाव को देखने की आवश्यकता है। चौथा, खरीफ फसलों के लिए एमएसपी फॉर्मूला में संशोधन का असर पर्याप्त विवरण की अनुपस्थिति के कारण इस चरण में आकलन करना संभव नहीं है। पांचवां,आईएमडी द्वारा पूर्वानुमान के अनुसार,यदि मानसून सामान्य और अस्थायी रूप से और स्थानिक रूप से अच्छी तरह से वितरित होता है, तो यह खाद्य मुद्रास्फीति को अच्छा रखने में मदद कर सकता है।

19. उपर्युक्त पृष्ठभूमि को देखते हुए, एमपीसी ने पॉलिसी रेपो दर को 25 आधार अंकों तक बढ़ाने का फैसला किया और तटस्थ रुख रखा । एमपीसी एक टिकाऊ आधार पर 4 प्रतिशत की हेडलाईन मुद्रास्फीति के लिए मध्यम अवधि के लक्ष्य को प्राप्त करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराता है ।

20. एमपीसी नोट करता है कि घरेलू आर्थिक गतिविधि ने हाल की तिमाहियों में निरंतर पुनरुद्धार का प्रदर्शन किया है और आउटपुट अंतर लगभग बंद हो गया है। निवेश गतिविधि, विशेष रूप से, अच्छी तरह से ठीक हो रही है और दिवालियापन और शोधन अक्षमता संहिता के तहत अर्थव्यवस्था के तंग क्षेत्रों के त्वरित समाधान से और आगे बढ़ सकती है। भू-राजनीतिक जोखिम, वैश्विक वित्तीय बाजार अस्थिरता और व्यापार संरक्षणवाद का खतरा घरेलू वसूली के लिए विपरीत परिस्थितियों को उत्पन्न करता है। यह महत्वपूर्ण है कि सार्वजनिक वित्त इस महत्वपूर्ण मौके पर निजी क्षेत्र की निवेश गतिविधि को उसके स्थान से बाहर न कर दें। केंद्र और राज्यों द्वारा बजटीय लक्ष्यों का पालन करना - जैसा कि अब तक इस मामले में प्रतीत होता है - पर्याप्त रूप में मुद्रास्फीति परिदृश्य के लिए उध्वर्गामी जोखिम को भी कम करेगा ।

21. डॉ चेतन घाटे, डॉ. पामी दुआ, डॉ. रविंद्र एच ढोलकिया, डॉ. माइकल देबब्रत पात्र, डॉ. विरल वी. आचार्य और डॉ. उर्जित आर. पटेल ने निर्णय के पक्ष में मतदान किया। एमपीसी की बैठक के कार्यवृत्त 20 जून 2018 तक प्रकाशित किए जाएंगे।

22. एमपीसी की अगली बैठक 31 जुलाई और 1 अगस्त 2018 को होगी।

विकासात्मक एवं विनियामकीय नीतियों पर वक्तव्य

यह वक्तव्य विनियमन और पर्यवेक्षण को मजबूत करने, वित्तीय बाज़ारों के विस्तार तथा उनको सघन बनाने, मुद्रा तथा ऋण प्रबंधन में सुधार करने, भुगतान तथा निपटान प्रणाली में नवोन्मेष को बढ़ावा देने तथा डेटा प्रबंधन सुविधा प्रदान करने हेतु विभिन्न विकासात्मक एवं विनियामकीय नीति उपायों का निर्धारण करता है ।

I. विनियमन एवं पर्यवेक्षण

1. सांविधिक चलनिधि अनुपात (एसएलआर) में से निकाले गए चलनिधि कवरेज अनुपात (एलसीआर) में वृद्धि

मौजूदा रोडमैप के अनुसार, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों को 01 जनवरी, 2019 तक 100 प्रतिशत के न्यूनतम चलनिधि कवरेज अनुपात (एलसीआर) तह पहुंचना है। वर्तमान में, बैंकों की एलसीआर की गणना के उद्देश्य से स्तर 1 की उच्च गुणवत्ता चलनिधि परिसंपत्ति (एचक्यूएलए) के रूप में अनुमति दी गई परिसंपत्तियों में, अन्य विषयों के साथ, न्यूनतम आवश्यकता से अधिक तथा अनिवार्य एसएलआर अपेक्षा के भीतर सरकारी प्रतिभूतियाँ, सीमांत स्थायी सुविधा (एमएसएफ) के तहत भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अनुमत उच्चतम सीमा तक (वर्तमान में बैंक के एनडीटीएल का 2 प्रतिशत) तथा चलनिधि कवरेज अनुपात (एफएएलएलसीआर) हेतु चलनिधि का लाभ उठाने की सुविधा के तहत (वर्तमान में बैंक के एनडीटीएल का 9 प्रतिशत) सरकारी प्रतिभूतियाँ शामिल हैं । एलसीआर की गणना करने के उद्देश्य से, यह निर्णय लिया गया है कि उपर्युक्त परिसंपत्तियों के अतिरिक्त, बैंकों को अनिवार्य एसएलआर आवश्यकता के भीतर एफएएलएलसीआर के अंतर्गत उनके एनडीटीएल के अतिरिक्त 2 प्रतिशत तक उनके द्वारा रखी गई स्तर 1 एचक्यूएलए सरकारी प्रतिभूतियों के रूप में शामिल करने की अनुमति दी जाएगी । इस प्रकार, बैंकों के पास उपलब्ध एसएलआर में से कुल आय उनके एनडीटीएल का 13 प्रतिशत होगी। एलसीआर के संबंध में अन्य निर्देश यथावत रहेंगे ।

2. राज्य सरकार की प्रतिभूतियों का मूल्यांकन

बैंकों द्वारा वर्गीकरण, मूल्यांकन तथा निवेश पोर्टफोलियो के परिचालन के लिए विवेकपूर्ण मानदंडों पर मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार, राज्य सरकार की प्रतिभूतियों का मूल्यांकन समकक्ष परिपक्वता वाली केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों (जी-सेक) के प्रतिफल के ऊपर 25 आधार अंकों की एक समान वृद्धि के साथ परिपक्वता तक प्रतिफल (वाईटीएम) पद्धति लागू करके किया जाता है।

अब यह निर्णय लिया गया है कि प्रत्येक राज्य सरकार द्वारा जारी प्रतिभूतियों का मूल्यांकन अवलोकित मूल्य के आधार पर किया जाए। व्यापारिक राज्य सरकार प्रतिभूतियों का मूल्यांकन उस कीमत पर होगा जिस मूल्य पर बाजार में उनका कारोबार हुआ है। गैर-व्यापारिक राज्य सरकार प्रतिभूतियों के मामले में, मूल्यांकन समकक्ष परिपक्वता की केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों के प्रतिफल पर राज्य विशिष्ट भारित औसत पर आधारित होगा, जैसा कि प्रथम नीलामी में पाया गया था। इस आशय हेतु विस्तृत दिशानिर्देश 20 जून, 2018 तक अलग से जारी किए जाएंगे ।

3. एमटीएम हानि का प्रसार

सरकारी प्रतिभूतियों के प्रतिफल में वृद्धि के चलते, बैंकों को दिसंबर 2017 तथा मार्च 2018 को समाप्त तिमाहियों के दौरान अपने निवेश पोर्टफोलियो में दर्ज मार्क-टू-मार्केट हानि को चार तिमाहियों में प्रसारित करने का विकल्प दिया गया था। यह भी आवश्यक था कि बैंक इस प्रकार की संभाव्य घटनाओं से बचने के लिए एएफएस तथा एचटीएफ श्रेणियों में उनकी कुल धारिता के 2 प्रतिशत के निवेश उतार चढ़ाव रिज़र्व भी बनाए। सरकारी प्रतिभूतियों के प्रतिफल में निरंतर वृद्धि तथा कई बैंकों के लिए आईएफआर बनाने के लिए समय की अपर्याप्तता के मद्देनजर, बैंकों को 30 जून, 2018 को समाप्त तिमाही से प्रारम्भ होने वाली चारों तिमाहियों की अवधि के लिए समान रूप से 30 जून, 2018 को समाप्त तिमाही के लिए बिक्री हेतु उपलब्ध (एएफएस) तथा व्यापार हेतु रखे गए (एचएफटी) में हुए निवेश पर मार्क-टू-मार्केट (एमटीएम) हानि का प्रसार करने का विकल्प देने का निर्णय लिया गया है । इस संबंध में परिपत्र एक सप्ताह में जारी किया जाएगा ।

4. शहरी सहकारी बैंकों का स्वैच्छिक आधार पर लघु वित्त बैंकों के रूप में परिवर्तन

भारतीय रिज़र्व बैंक के तत्कालीन उप गवर्नर श्री आर. गांधी की अध्यक्षता में शहरी सहकारी बैंको (यूसीबी) पर गठित उच्च अधिकार प्राप्त समिति ने, अन्य बातों के साथ-साथ, यह सिफ़ारिश की थी कि बड़े बहु-राज्य शहरी सहकारी बैंकों को संयुक्त स्टॉक कंपनियों तथा अन्य शहरी सहकारी बैंकों को कुछ मानदंडों के अधीन स्वैच्छिक आधार पर लघु वित्त बैंकों के रूप में परिवर्तित किया जाए। इन सिफ़ारिशों के अनुसरण में यह निर्णय लिया गया है कि निर्धारित मानदंडों

को पूरा करने वाले शहरी सहकारी बैंकों को लघु वित्त बैंकों के रूप में स्वैच्छिक आधार पर परिवर्तन की अनुमति दी जाए। इस संबंध में विस्तृत विवरण सहित योजना की घोषणा अलग से की जाएगी।

5. सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र को नियमनिष्ठ बनाने को प्रोत्साहन देना।

फरवरी 2018 में, बैंकों तथा गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) में पंजीकृत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई), जिन्हें इन उधारदाताओं से 250 मिलियन रुपए तक की समग्र सीमा के अंतर्गत क्रेडिट सुविधाएं प्रदान की जाती हैं, को 180 दिनों के पूर्व देय मानदंडों के आधार पर, कुछ विशिष्ट शर्तों के अधीन, अपने एक्स्पोज़रों को वर्गीकृत करने हेतु अनुमति दी गई थी। वस्तु एवं सेवा कर में उनके पंजीकरण के पश्चात सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को नियमनिष्ठ क्षेत्र में परिवर्तित करने को सुचारु बनाने के उद्देश्य से यह किया गया है

इनपुट क्रेडिट लींकेज तथा अन्य संबन्धित मामलों के मद्देनजर, अब यह निर्णय लिया गया है कि बैंकों तथा गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) में पंजीकरण न किए गए सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई), जिन्हें ऊपर उल्लिखित समग्र सीमा के अंतर्गत क्रेडिट सुविधाएं प्रदान की जाती हैं, को 180 दिनों के पूर्व देय मानदंडों के आधार पर, कुछ विशिष्ट शर्तों के अधीन, अपने एक्स्पोज़रों को वर्गीकृत करने हेतु अनुमति दी गई थी। तदनुसार, पात्र एमएसएमई खाते, जो कि 31 अगस्त, 2017 को मानक थे, को बैंक और एनबीएफसी द्वारा मानक के रूप में वर्गीकृत किया जाना जारी रहेगा, यदि 01 सितंबर 2017 को देय भुगतान और उसके बाद के देय भुगतान जो कि 31 दिसंबर 2018 तक देय थे/ हैं, का उनकी मूल देय तिथि के 180 दिनों के बाद भुगतान नहीं किया गया/ जाता है।

अर्थव्यवस्था के नियमिकरण को बढ़ाने से वित्तीय स्थिरता में होने वाले लाभों को ध्यान में रखते हुए, 1 जनवरी, 2019 से जीएसटी में पंजीकृत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) द्वारा देय बकाया राशि के संबंध में 180 दिन पूर्व देय मानदंडों को मौजूदा 90 दिनों के पूर्व देय मानदंडों के साथ चरणबद्ध तरीके से समायोजित किया जाएगा। जबकि 31 दिसंबर, 2018 तक जीएसटी के तहत पंजीकृत नहीं होने वाली एंटिटियों के लिए, 1 जनवरी 2019 से देय बकाया राशि के संबंध में परिसंपत्ति वर्गीकरण को तत्काल 90 दिन के मानदंड पर वापस लाया जाएगा। इस संबंध में विस्तृत दिशानिर्देश अलग से जारी किए जा रहे हैं।

6. प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र उधार (पीएसएल) संबंधी दिशा-निर्देशों को आवास ऋणों हेतु प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत यथा-परिभाषित किफ़ायती आवास के रूप में परिवर्तित करना

प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र उधार (पीएसएल) संबंधी दिशा-निर्देशों को आवास ऋण हेतु किफायती आवास योजना तहत अधिकतम परिवर्तित करने के उद्देश्य से तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों और निचले आय समूहों के लिए कम लागत वाले आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है कि प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र उधार (पीएसएल) में आवास ऋणों की पात्रता सीमाओं को मेट्रोपॉलिटन केंद्रों में मौजूदा ₹ 28 लाख से बढ़ा कर ₹ 35 लाख (दस लाख और उससे अधिक की जनसंख्या वाले क्षेत्र) और अन्य केंद्रों में मौजूदा ₹20 लाख से बढ़ा कर ₹ 25 लाख किया जाए, बशर्ते कि आवासीय इकाई की कुल लागत मेट्रोपॉलिटन केन्द्रों तथा अन्य केंद्रों में क्रमश: ₹45 लाख और ₹30 लाख से अधिक न हो। इस संबंध में एक परिपत्र 30 जून 2018 तक जारी किया जाएगा।

7. सस्ते टिकट आकार के आवास संबंधी नए परिवर्तन

आवास ऋणों संबंधी डेटा के सूक्ष्म विश्लेषण के पश्चात, यह देखा गया है कि दो लाख रुपए तक के टिकट आकार के लिए एनपीए का स्तर उच्च रहा है और तेजी से बढ़ रहा है। बैंकों को अपनी स्क्रीनिंग को मजबूत करने और विशेष रूप से इस सेगमेंट को उधार देने के संबंध में अनुवर्ती जांच-पड़ताल की आवश्यकता है। रिजर्व बैंक इस क्षेत्र की बारीकी से निगरानी कर रहा है और जरूरत पड़ने पर एलटीवी अनुपात को और अधिक कड़ा बनाने पर एवं / अथवा जोखिम भार में वृद्धि के रूप में उचित नीति प्रतिक्रिया पर आवश्यकतानुसार विचार करेगा।

8. कोर निवेश कंपनियों को बुनियादी ढांचा निवेश ट्रस्ट (इनविट) में प्रायोजक के रूप में निवेश करने के लिए अनुमति देना

रिजर्व बैंक के साथ गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के रूप में पंजीकृत कोर निवेश कंपनियां (सीआईसी) मुख्य रूप से समूह कंपनियों में निवेश करती हैं और कोई अन्य एनबीएफसी संबंधी गतिविधि नहीं करती हैं। उन्हें समूह

कंपनियों में इक्विटी शेयर, अधिमानी शेयर, बॉन्ड, डिबेंचर, ऋण या ऋण के रूप में कम से कम 90 प्रतिशत तक निवल संपत्ति के रूप में निवेश करना होगा, जबकि समूह कंपनियों में इक्विटी निवेश निवल संपत्ति के कम से कम 60 प्रतिशत तक होना चाहिए। बुनियादी ढांचा निवेश ट्रस्ट (इनविट) में निवेश के माध्यम से बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देने के लिए, सीआईसी को बुनियादी ढांचा निवेश ट्रस्ट (इनविट) के प्रायोजकों के रूप में कार्य करने के लिए सक्षम करने का निर्णय लिया गया है और उन्हें इक्विटी निवेश के लिए 60 प्रतिशत की उप-सीमा के हिस्से के तौर पर प्रायोजकों के रूप में इनविट इकाइयों के अपने होल्डिंग्स की गणना करने की अनुमति दी गई है। बुनियादी ढांचा निवेश ट्रस्ट (इनविट) हेतु सीआईसी का एक्सपोजर प्रायोजकों के रूप में उनके होल्डिंग तक ही सीमित होगा और किसी भी समय, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) (आधारभूत संरचना निवेश ट्रस्ट) विनियमावली, 2014 में यथा-विनिर्दिष्ट राशि और अवधि के मामले में न्यूनतम सीमा से अधिक नहीं होगा। इस संबंध में आवश्यक निर्देश एक सप्ताह के भीतर जारी किए जाएंगे

II. वित्तीय बाजार

9. अंतरराष्ट्रीय मानकों के साथ चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) हेयरकट को समरूप बनाना

वर्तमान में, रिज़र्व बैंक पात्र संपार्श्विक के एवज में रेपो / सीमांत स्थायी सुविधा (एमएसएफ) विंडो के माध्यम से बाजार प्रतिभागियों को रुपये में चलनिधि प्रदान करता है। केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों (टी-बिल सहित) और राज्य विकास ऋणों पर (एसडीएल) पर क्रमशः 4 प्रतिशत और 6 प्रतिशत का प्रारंभिक मार्जिन लागू किया गया है, जो रेपो / एमएसएफ में प्रतिभागियों द्वारा संपार्श्विक के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। चूंकि मार्जिन आवश्यकता सभी पात्र प्रतिभूतियों के समान है, भले ही अवशिष्ट परिपक्वता कितनी भी हो, मौजूदा प्रणाली प्रतिभूतियों में बाजार जोखिम को अलग-अलग नहीं करती है।

समीक्षा करने और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप, यह निर्णय लिया गया है कि 1 अगस्त, 2018 से शुरू करते हुए इसकी अवशिष्ट परिपक्वता के आधार पर संपार्श्विक पर प्रारंभिक मार्जिन रखा जाए। केन्द्रीय सरकारी प्रतिभूतियों के लिए प्रारंभिक मार्जिन आवश्यकता अवशिष्ट परिपक्वता के पांच अलग-अलग बकेट में 0.5 प्रतिशत से 4 प्रतिशत तक होगी। एसडीएल के मामले में प्रारंभिक मार्जिन आवश्यकता उसी परिपक्वता बकेट के लिए 2.5 प्रतिशत से 6.0 प्रतिशत की सीमा में होगी। एसडीएल को सार्वजनिक रेटिंग प्राप्त करने के लिए राज्य सरकारों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से, यह निर्णय लिया गया है कि रेटेड एसडीएल के लिए प्रारंभिक मार्जिन आवश्यकता उसी परिपक्वता बकेट के लिए अन्य एसडीएल की तुलना में 1.0 प्रतिशत कम निर्धारित की जाएगी, यानि, 1.5 प्रतिशत से 5.0 प्रतिशत की सीमा में। इस संबंध में एक परिपत्र आज जारी किया जाएगा।

10. सरकारी प्रतिभूति बाजार में भागीदारी में वृद्धि

(i) सरकारी प्रतिभूतियों में लघु बिक्री

केंद्र सरकार प्रतिभूतियों (जी-सेक) में लघु बिक्री फरवरी 2006 में ब्याज दरों पर दो-तरफा दृष्टिकोण व्यक्त करने और इस प्रकार मूल्य खोज में वृद्धि के लिए एक उपाय प्रदान करने के लिए शुरु की गई थी। वर्तमान में, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों, प्राथमिक डीलरों और कुछ अच्छी तरह से प्रबंधित शहरी सहकारी बैंकों (यूसीबी) को लघु बिक्री लेनदेन करने की अनुमति है। लघु बिक्री लेनदेन करने के लिए इकाई-वार और (तरल या अपर्याप्त) सुरक्षा-वार सीमाएं हैं। जी-सेक और रेपो बाजार को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से, पात्र लघु बिक्री प्रतिभागियों के आधार को उदार बनाने के साथ-साथ जी-सेक में छोटी बिक्री के लिए इकाई-वार और सुरक्षा श्रेणीवार सीमाओं में छूट प्रदान करने का प्रस्ताव है। इस संबंध में एक परिपत्र जून 2018 के अंत तक जारी किया जाएगा।

(ii) सरकारी प्रतिभूतियों बाजार में व्हेन इश्यूड (डब्ल्यूआई)

बेहतर प्रबंधन के माध्यम से ऋण जारी करने के ढांचे और नीलामी जोखिम वितरण प्रणाली को मजबूत करने के लिए वित्तीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन (एफआरबीएम) अधिनियम 2003 के आलोक में मई 2006 में केंद्र सरकार प्रतिभूति (जी-सेक) में 'जब जारी' बाजार (डब्ल्यूआई) शुरू किया गया था। वर्तमान में, डब्ल्यूआई बाजार में लंबी स्थिति (लाँग पोजीशन) नीलामी में भाग लेने के योग्य व्यक्ति द्वारा ली जा सकती है, जबकि केवल बैंकों और प्राथमिक डीलरों (पीडी) को छोटी स्थिति (शॉर्ट पोजीशन) लेने की अनुमति है। इसके अलावा, बैंकों और पीडी के लिए शॉर्ट पोजीशन 5 प्रतिशत पर निर्धारित की गई है। भागीदारी मानदंड धीरे-धीरे आसान हो गए हैं। जी-सेक बाजार को और गहन बनाने के उद्देश्य से, पात्र प्रतिभागियों के आधार को उदार बनाने और 'जब जारी' बाजार में जगह बनाने के लिए इकाई-वार सीमाओं में छूट देने का प्रस्ताव है। इस संबंध में एक परिपत्र जून 2018 के अंत तक जारी किया जाएगा।

11. एकल आधार प्राथमिक डीलरों की गतिविधियों का विस्तार करना

एकल आधार प्राथमिक डीलरों (एसपीडी) को धीरे-धीरे स्वीकार्य सीमाओं के भीतर जी-सेक गतिविधियों से वैकल्पिक माध्यमों में अपनी गतिविधियों को विविधता देने की अनुमति दी गई है। अपने एफपीआई ग्राहकों को व्यापक सेवाएं प्रदान करने के लिए एसपीडी की सुविधा के लिए, एसपीडी को एक सीमित विदेशी मुद्रा लाइसेंस प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में एक परिपत्र जून 2018 के अंत तक जारी किया जाएगा।

12. बाजार दुरुपयोग संबंधित विनियम

वित्तीय बाजारों में गतिविधि और भागीदारी को बढ़ाने और बैंकिंग प्रणाली के वित्तीय जोखिम को पुनर्वितरित करने के लिए विभिन्न विनियामक पहलों को तेजी से लागू किया जा रहा है। संयोग से, गलत बाजार प्रथाओं को रोकने के लिए नियमों को मजबूत करने की आवश्यकता है। भारतीय स्थायी आय मुद्रा बाजार और व्युत्पन्न संघ (एफआईएमएमडीए) ने बैंकों और अन्य सदस्यों द्वारा स्वैच्छिक रूप से अपनाने के लिए एक उचित व्यवहार संहिता (एफपीसी) विकसित किया है। विदेशी मुद्रा डीलर एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफईडीएआई) ने भारतीय विदेशी मुद्रा (एफएक्स) बाजार में बाजार प्रतिभागियों के लिए भी वैश्विक आचार संहिता अपनाया है, यह थोक एफएक्स बाजार के लिए ऐसी वैश्विक आचार संहिता है जो उच्च नैतिक मानकों से निहित है और मजबूत, निष्पक्ष, तरल, खुले और उचित पारदर्शी बाजार को बढ़ावा देने के सिद्धांतों को निर्धारित करता है, । इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए, रिजर्व बैंक द्वारा नियंत्रित बाजारों में दुरुपयोग को रोकने के लिए सर्वोत्तम वैश्विक प्रथाओं के अनुरूप नियमों को लाने का प्रस्ताव है। परामर्श के लिए प्रारूप विनियमन अगस्त 2018 के अंत तक जारी किया जाएगा।

13. केंद्रीय काउंटरपार्टियों के लिए नीति ढांचा

केंद्रीय काउंटरपार्टियां (सीसीपी) वित्तीय बाजारों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सीसीपी उनके द्वारा प्रदत्त बाजारों में गारंटीकृत निपटान सेवाएं प्रदान करते हैं और प्रतिभागियों के लिए प्रतिपक्ष जोखिम को कम करते हैं, जिससे प्रणालीगत जोखिम कम हो जाता है। ताकि ये संस्थाएं एक कुशल और प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें, रिजर्व बैंक विदेशी सीसीपी की मान्यता के लिए ढांचे को तैयार करेगा और साथ ही सभी सीसीपी के लिए पूंजी आवश्यकता और अभिशासन ढांचे को भी तैयार करेगा। ये निदेश जुलाई 2018 के अंत तक जारी की जाएंगी।

III. ऋण प्रबंधन

14. राज्य सरकारों की समेकित ऋण-शोधन निधि और गारंटी उन्मोचन निधि

राज्य सरकारें अपनी देनदारियों की चुकौती के लिए रिज़र्व बैंक के पास समेकित ऋण-शोधन निधि (सीएसएफ) और गारंटी उन्मोचन निधि (जीआरएफ) को बफर के रूप में बनाए रख रही है। वर्तमान में, राज्य सरकारें सीएसएफ और जीआरएफ में उपलब्ध निधियों के संपार्श्विक के बदले रिज़र्व बैंक से विशेष आहरण सुविधा (एसडीएफ) का लाभ उठा सकती हैं। प्रभारित ब्याज की दर रेपो दर से 100 आधार अंक कम है जिस पर राज्य सरकारों को अर्थोपाय अग्रिम प्रदान किया जाता है। राज्य सरकारों द्वारा इन निधियों के पर्याप्त रखरखाव को और प्रोत्साहित करने तथा इन निधियों के कॉर्पस को बढ़ाने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करने हेतु, यह निर्णय लिया गया है कि एसडीएफ पर ब्याज की दर को कम करके उसे रेपो दर से 100 आधार अंक नीचे के बजाए रेपो दर से 200 आधार अंक नीचे कर दिया जाए। इस संबंध में 30 जून 2018 तक परिपत्र जारी किया जाएगा।

IV. भुगतान और निपटान

15. भुगतान प्रणालियों का प्रमाणीकरण

खुदरा भुगतान बाजार की परिपक्वता को देखते हुए, यह महत्वपूर्ण है कि वित्तीय स्थिरता के परिप्रेक्ष्य में खुदरा भुगतान प्रणाली में संक्रेंद्रण जोखिम को कम किया जाए। रिज़र्व बैंक इस क्षेत्र में नवोन्मेष और प्रतिस्पर्धा को बढ़ाने के लिए अखिल भारतीय स्तर पर भुगतान प्लेटफार्मों में भाग लेने तथा उसे बढ़ावा देने के लिए अधिक भागीदारों को प्रोत्साहित करने की योजना बना रहा है। इस संबंध में 30 सितंबर 2018 तक सार्वजनिक परामर्श हेतु एक नीति पत्र लाया जाएगा।

V. मुद्रा प्रबंधन

16. भारतीय बैंक नोटों का उपयोग करने में दृष्टिबाधितों द्वारा सामना की जा रही कठिनाइयों को कम करना

भारतीय बैंक नोटों के साथ दृष्टिहीन व्यक्तियों द्वारा अपने दैनिक व्यवसाय को संचालित करने में जिन चुनौतियों का सामना किया जा रहा है, रिज़र्व बैंक उसके प्रति संवेदनशील है। भारतीय बैंक नोटों में किसी भी प्रकार का बदलाव करने

से पूर्व समय-समय पर विभिन्न मंचों से परामर्श लिया जाता है, तथापि, रिज़र्व बैंक का यह मानना है कि तकनीकी प्रगति ने दृष्टिहीन व्यक्तियों को भारतीय बैंकनोटों को और अधिक सहजता से पहचानने हेतु एक नया खाका प्रदान किया है जिससे उनका दैनिक लेन-देन सुविधाजनक हो गया है। तदनुसार, यह निर्णय लिया गया है कि रिज़र्व बैंक, दृष्टिहीनों का प्रतिनिधित्व करने वाली विभिन्न संस्थाओं के परामर्श से, दृष्टिहीनों के लिए भारतीय बैंकनोटों की पहचान में सहायक एक उपयुक्त उपकरण या तंत्र विकसित करने की व्यवहार्यता का पता लगाएगा। रिज़र्व बैंक छह महीने के भीतर इस संबंध में आवश्यक दिशानिर्देश जारी करेगा।

VI. डेटा प्रबंधन

17. पब्लिक क्रेडिट रजिस्ट्री पर उच्च स्तरीय कार्यदल

जैसा कि 4 अक्टूबर 2017 के विकासात्मक और विनियामक नीतियों से संबंधित वक्तव्य में दर्शाया गया था, भारत के लिए पब्लिक क्रेडिट रजिस्ट्री (पीसीआर) पर एक उच्चस्तरीय कार्यदल (अध्यक्ष: श्री यशवंत एम. देवस्थले) का गठन रिज़र्व बैंक द्वारा क्रेडिट पर सूचनाओं की वर्तमान उपलब्धता, मौजूदा सूचना उपयोगिता की पर्याप्तता, तथा कमियों की पहचान जिसे पीसीआर द्वारा ठीक किया जा सके, की समीक्षा के लिए किया गया था। उक्त कार्यदल, जिसने 4 अप्रैल 2018 को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की थी, ने सिफारिश की थी कि सूचना विषमता के समाधान, क्रेडिट तक पहुंच बढ़ाने और अर्थव्यवस्था में क्रेडिट संस्कृति को मजबूत करने से संबंधित मुद्दों के निपटारे हेतु रिज़र्व बैंक द्वारा एक पीसीआर स्थापित किया जाना चाहिए। रिज़र्व बैंक ने कार्यदल की सिफारिशों पर विचार किया है तथा मॉड्यूलर और चरणबद्ध तरीके से एक पीसीआर स्थापित करने का निर्णय लिया है। कार्यदल की रिपोर्ट आज रिज़र्व बैंक की वेबसाइट पर जनता के लिए जारी की जाएगी। पीसीआर की स्थापना के लिए आगामी कदम के रूप में लॉजिस्टिक एवं डिजाइन में सहायता करने के लिए रिज़र्व बैंक द्वारा एक कार्यान्वयन टास्क फोर्स (आईटीएफ) का गठन किया जा रहा है।

18. उदारीकृत विप्रेषण योजना के लिए डेटा और परिभाषाओं का सामंजस्य

5 अप्रैल 2018 को पहले द्वि-मासिक मौद्रिक नीति वक्तव्य 2018-19 में की गई घोषणा के अनुसार, अधिकृत डीलर (एडी) बैंकों द्वारा उदारीकृत विप्रेषण योजना (एलआरएस) के तहत व्यक्तिगत लेनदेन की दैनिक रिपोर्टिंग के लिए एक प्रणाली विकसित की गई है। यह प्रणाली अधिकृत डीलर बैंकों को वित्तीय वर्ष के दौरान किसी व्यक्ति द्वारा पहले से भेजे गए विप्रेषण को देखने में सक्षम बनाती है, जिससे निगरानी में सुधार हो सके और एलआरएस सीमाओं का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके। चूंकि उक्त रिपोर्टिंग प्रणाली, प्रेषक-वार आकंड़ों को एकत्र करने के लिए प्रेषक के स्थायी खाता संख्या (पैन) का उपयोग एक विशिष्ट पहचानकर्ता के रूप में करती है, अतः यह निर्णय लिया गया है कि एलआरएस के तहत जाने वाले सभी विप्रेषणों के लिए पैन प्रस्तुत करना अनिवार्य कर दिया जाए, जिसे अब तक 25,000 अमेरिकी डॉलर तक के अनुमत चालू खाता लेनदेन पर प्रस्तुत करने हेतु ज़ोर नहीं दिया जाता था। इसके अतिरिक्त, करीबी रिश्तेदारों के निर्वाह के लिए एलआरएस के तहत अनुमोदित विप्रेषण के संदर्भ में, यह निर्णय लिया गया है कि 'रिश्तेदार' की परिभाषा को कंपनी अधिनियम, 1956 के बजाय कंपनी अधिनियम, 2013 में दी गई परिभाषा के साथ संरेखित किया जाए।

भाषण

भुगतान के क्षेत्र में उत्कृष्टता
बी. पी. कानूनगो

भुगतान के क्षेत्र में उत्कृष्टता*

श्री बी महापात्रा, अध्यक्ष, एनपीसीआई, श्री दिलीप असबे, एमडी, एनपीसीआई, विशिष्ट अतिथिगण, मेरे साथी बैंकर, इस उद्योग से जुड़े अग्रणी व्यक्तियो और निर्णायक-मंडल के माननीय सदस्यो ! देश की भुगतान प्रणाली के क्षेत्र में महत्वपूर्ण नवोन्मेषी कार्य करने वालों के योगदान को मान्यता देने के उद्देश्य से एनपीसीआई द्वारा आयोजित आज के इस समारोह में आप सभी के बीच उपस्थित होकर मुझे अत्यधिक प्रसन्नता हो रही है। मैं अपनी बात प्रसिद्ध प्रेरक वक्ता रॉबिन शर्मा को उद्धृत करते हुए प्रारंभ करना चाहता हूं जिन्होंने कहा है, 'समय के साथ किए गए छोटे-छोटे दैनिक सुधारों से आश्चर्यजनक परिणाम मिलते हैं।' उनकी इस बात से कोई भी असहमत नहीं हो सकता। यह बात वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना चुकी भारत की भुगतान प्रणाली के क्षेत्र पर बहुत अच्छी तरह लागू होती है। भुगतान और निपटान प्रणाली तथा खुदरा भुगतान के क्षेत्र में भारत द्वारा लगायी गयी लंबी छलांग स्पष्ट देखी जा सकती है। इस संबंध में एनपीसीआई द्वारा निभाई गई भूमिका अति महत्वपूर्ण है और यह बिलकुल सही है कि उनके द्वारा दिए जा रहे इन पुरस्कारों से यह प्रदर्शित होता है कि भुगतान प्रणाली के क्षेत्र में उठाए जा रहे नवोन्मेषी कदमों को कितना महत्व दिया जाता है।

भारत में खुदरा भुगतान प्रणाली : पृष्ठभूमि

1. भारत में भुगतान प्रणाली के डिजिटलीकरण पर जोर दिया जाने की शुरुआत बहुत पुरानी बात नहीं है। देश में खुदरा भुगतान प्रणालियों की एक मातृसंस्था के रूप में कल्पित एनपीसीआई का गठन भारतीय रिज़र्व बैंक और भारतीय बैंक संघ (आईबीए) के मार्गदर्शन और सहयोग से दिसंबर 2008 में किया गया।

2. रिज़र्व बैंक के भुगतान प्रणाली परिकल्पना (विजन) दस्तावेज़ 2005-08 में खुदरा भुगतान प्रणाली के लिए एक नई संस्थागत संरचना की कल्पना की गयी थी, जिसका स्वामित्व अधिमानतः बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों के पास होगा और जिसके उद्देश्य निम्नलिखित होंगे - क) मौजूदा बुनियादी ढांचे को सशक्त बनाते हुए संसाधनों का इष्टतम उपयोग करना और नई आधारभूत संरचना का निर्माण करना ताकि निरंतर आगे बढ़ते हुए पूरे देश तक अपनी पहुंच बनायी जा सके; और ख) एक ऐसा सशक्त प्रौद्योगिकी प्लैटफॉर्म तैयार करना जो वहनीय लागत पर उच्चतम गुणवत्ता वाली सेवाएं प्रदान करे। तदनुसार, वर्ष 2009 में, जब आईडीआरबीटी ने इसे नेशनल फाइनैंशियल स्विच (एनएफएस) सौंपा, तब से एनपीसीआई ने भुगतान प्रणाली प्रदाता के रूप में अपनी भूमिका शुरू करते हुए एटीएम नेटवर्क को संचालित करना प्रारंभ किया। उसके बाद, आरबीआई ने एनपीसीआई को अपनी ओर से चेक ट्रंकेशन सिस्टम (सीटीएस) संचालित करने का कार्य सौंपा।

3. मातृ संगठन का उद्देश्य ग्राहकों को तेजी से, सुविधाजनक तरीके से, किसी भी समय और कहीं भी इस प्रकार की भुगतान सेवाएं प्रदान करना है जो उपयोग में आसान, सरल, सुरक्षित, तेज़ और न्यूनतम लागत वाली हों। पिछले कुछ वर्षों में एनपीसीआई ने विभिन्न प्रकार की खुदरा भुगतान प्रणालियां संचालित की हैं यथा- आईएमपीएस, यूपीआई-भीम (बीएचआईएम) सहित, मोबाइल भुगतानों के लिए नेशनल यूनिफाइड यूएसएसडी प्लेटफार्म (एनयूयूपी), रुपे, एनएसीएच, आधार पे सहित आधार आधारित एईपीएस, एपीबीएस, बीबीपीएस, एनईटीसी इत्यादि जिनमें से कुछ तो 24x7 आधार पर उपयोग के लिए उपलब्ध हैं। सभी भुगतान प्रणालियों में एनपीसीआई की मुख्य भूमिका स्विचिंग सेवाएं और उससे जुड़ी समाशोधन एवं निपटान सुविधाएं प्रदान करना रहा है। इसके अंतर्गत प्रौद्योगिकी प्लेटफॉर्म बनाना, मानकों की स्थापना, प्रक्रियात्मक दिशानिर्देश तैयार करना, जोखिम प्रबंधन संरचना आदि बनाना शामिल है, जिसने एक तरह से देश के खुदरा भुगतान परिदृश्य को बदल दिया है। इस प्रकार रिज़र्व बैंक की शुरुआती अपेक्षाओं को काफी हद तक पूरा किया गया है।

खुदरा भुगतान प्रणाली: वैश्विक मानचित्र पर भारत का उदय

4. भारत हमेशा से एक ऐसा देश रहा है जिसने भुगतान और निपटान प्रणाली के क्षेत्र में नवोन्मेष और विकास को बढ़ावा दिया है। पिछले दशक में विविध प्रकार की भुगतान प्रणालियाँ अस्तित्व में आयी हैं और ये सभी आम आदमी की सुविधा के लिए हैं।

5. ऐसे देश में जहां नकदी पर निर्भरता अत्यधिक है, वहाँ 90 के दशक तक एकमात्र प्रमुख भुगतान प्रणाली चेक समाशोधन प्रणाली थी। अभी भी हम 90 मिलियन से अधिक चेकों की प्रोसेसिंग प्रति माह करते हैं। यह स्वयं में अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि चेक भी गैर-नकदी लेनदेन होते हैं, परंतु प्राय: इसे समुचित महत्व नहीं दिया जाता। यह प्रणाली इस अर्थ में भी अद्वितीय थी कि देश में 1000

* श्री बी.पी. कानूनगो, उप गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक - 29 मई 2018 - एनपीसीआई राष्ट्रीय भुगतान उत्कृष्टता पुरस्कार समारोह, मुंबई में मुख्य वक्ता के रूप में दिया गया भाषण।

से अधिक समाशोधन गृह थे - जो किसी भी मानक के अनुसार देखने पर एक बड़ी संख्या थी। भुगतान प्रणाली में बदलाव की दिशा में प्रारंभिक कदम अस्सी के दशक के आखिरी वर्षों में रिज़र्व बैंक द्वारा प्रबंधित समाशोधन गृहों का मशीनीकरण था जिसके तहत चेकों की प्रोसेसिंग के लिए माइकर (एमआईसीआर) तकनीक लायी गयी। इससे न केवल समाशोधन के कम्प्यूटरीकरण का श्रीगणेश हुआ, बल्कि आने वाले वर्षों में भुगतान को डिजिटल स्वरूप देने के बीज भी बो दिए गए। इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की ओर सभी शुरुआती कदम रिजर्व बैंक द्वारा उठाए गए और परिपक्वता के स्तर पर पहुंचने के बाद इनके विकास की अनुमति बाजार को दे दी गई और इस प्रकार परस्पर परिचालन योग्य (इंटरऑपरेबल) एटीएम का उद्भव हुआ। एनएफएस ने साबित कर दिया है कि भारत जैसे बड़े देश में, नेटवर्क आधारित एटीएम बहुत अच्छी तरह से काम कर सकते हैं और यह भी कि इन पर आने वाली लागत प्रतिस्पर्धी इकाइयों द्वारा साझा रूप में वहन की जा सकती है। आज, एटीएम उपयोग में हो रही वृद्धि ने मेट्रोपॉलिटन केंद्रों से हटकर टीयर 3, 4 और 5 शहरों का रुख कर लिया है और व्हाइट लेबल एटीएम का विकास एटीएम की बढ़ी हुई क्षमता का प्रमाण है।

6. भारत उन चुनिंदा देशों में से है, जिनके पास अंतिम रूप से टी+1 आधार पर चेक समासोधन के लिए निपटान/धन की व्यवस्था उपलब्ध है। खुदरा भुगतान की यूपीआई व्यवस्था पर भारत को गर्व है। हमारे पास एक अनूठी आधार सक्षम भुगतान प्रणाली है और साथ ही, सबसे सर्वसुलभ क्यूआर कोड-आधारित प्रोसेसिंग भी। इन सभी खुदरा भुगतान प्रणालियों के परिणामस्वरूप आम आदमी के लिए अनेक विकल्प मौजूद हैं और इससे भी अधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि ये बहुत ही उचित दरों पर उपलब्ध हैं।

खुदरा भुगतान में आयी उत्कृष्टता

7. वर्ष 2017-18 के दौरान खुदरा भुगतान में मात्रात्मक रूप से 45 प्रतिशत तथा मूल्यानुसार 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। बहुत बड़ी मात्रा में भुगतान भारत की खुदरा भुगतान प्रणाली की विशेषता है और ऐसे में यह आवश्यक हो जाता है कि हर समय और हर जगह भुगतान प्रणालियों की उपलब्धता हो। यदि इन प्रणालियों को उम्मीदों के अनुसार वांछित स्तर की सेवाएं देने में सक्षम बनाना है तो 'उत्कृष्टता' से जुड़ी कुछेक अनिवार्य विशेषताओं पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। मैं आपसे ऐसी छह उत्कृष्ट विशेषताओं पर चर्चा करना चाहता हूं :-

8. इस संबंध में पहली सबसे महत्वपूर्ण विशेषता है 'उपलब्धता'। खुदरा भुगतान प्रणाली की प्रकृति ही ऐसी होनी चाहिए कि जब भी उनकी मांग की जाए, वे उपलब्ध हों, हर समय - आमतौर पर चौबीसों घंटे सातों दिन और सभी सुविधाजनक स्थानों और माध्यमों में। यद्यपि हमारी अधिकांश प्रणालियों में यह विशेषता देखी जा सकती है, तथापि डिजिटल कनेक्टिविटी को लेकर बाधाएं अवश्य हैं। समस्त जनता को खुदरा भुगतान सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए बुनियादी ढांचे से जुड़ी बाधाओं को दूर करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। वर्तमान में, बड़ी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, ग्रामीण सहकारी बैंकों और जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंकों को अभी तक खुदरा प्लैटफॉर्म (एनईएफटी, आईएमपीएस और एनएसीएच) पर नहीं लाया जा सका है। इसमें अर्द्ध-शहरी और ग्रामीण भारत में नागरिकों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए सभी आरआरबी, ग्रामीण सहकारी बैंकों और जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंकों को उनकी अपनी प्रौद्योगिकीय क्षमताओं के अनुरूप विभिन्न खुदरा इलेक्ट्रॉनिक प्लैटफॉर्मों पर लाने की आवश्यकता है।

9. दूसरी आवश्यकता है 'दक्षता'। हमारे जैसे देश में जहां जनसंख्या का वितरण और उससे संबद्ध आवश्यकताएं भिन्न-भिन्न स्तरों की हैं, यह आवश्यक हो जाता है कि ये प्रणालियां बहुत ही किफायती दरों पर उपलब्ध हों और साथ ही, यह भी कि वे अपेक्षित गुणवत्ता के साथ सेवाएं दे सकें।

10. तीसरी महत्वपूर्ण आवश्यकता है 'सुविधा'। आज का ग्राहक बहुत समझदार है और सुविधा को लागत से अधिक महत्व देता है - यह एक ऐसी विशेषता है जो प्रमुख रूप से युवा आबादी में देखी जाती है। मोबाइल बैंकिंग, ऐप आधारित भुगतान प्रणाली, क्यूआर कोड का बड़े पैमाने पर उपयोग इस तथ्य की पुष्टि करते हैं।

11. उत्कृष्टता की चौथी कसौटी है 'निरापद होना'। सभी भुगतान प्रणालियों में सुरक्षा के विविध स्तर स्पष्ट रूप से दिखने चाहिए। यह आवश्यक है कि प्रणालियां न केवल सुरक्षा संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करें बल्कि आवधिक अंतराल पर इनकी सुरक्षा लेखापरीक्षा भी की जाए।

12. पांचवीं जरूरी चीज है 'सुरक्षा'। यह संभवत: एक धुरी की तरह केंद्रीय और सर्वाधिक महत्वपूर्ण अपेक्षा है क्योंकि आज पूरी दुनिया साइबर सुरक्षा से जुड़े खतरों से जूझ रही है। यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि प्रत्येक उत्पाद के मामले में निर्बाध समाशोधन और निपटान को सुनिश्चित करने के लिए अपनायी जाने वाली जोखिम प्रबंधन और निपटान प्रथाओं (निपटान गारंटी निधि, चूक निधि, ऋण व्यवस्था, मार्जिन, डेबिट कैप्स, इत्यादि) का कार्यान्वयन पारंपरिक

दृष्टिकोण से सख्ती के साथ किया जाए। ऐसी घटनाएं हुई हैं जिनमें भुगतान प्रणाली/नेटवर्क का दुरुपयोग प्रतिभागी संस्थानों और/या उनके ग्राहकों को धोखा देने के लिए किया गया। धोखाधड़ी करने वालों को ऐसा करने से रोका जा सकता था या नहीं, यह बहस का विषय हो सकता है, लेकिन इस बात पर किसी प्रकार के मतभेद की गुंजाइश नहीं है कि सुरक्षा के मुद्दे पर निरंतर ध्यान देकर इस जोखिम को बहुत हद तक कम किया जा सकता है। अगर कोई एक या कुछेक इकाइयां ऐसा कर पाने में असफल रहती हैं तो इसके परिणामस्वरूप पूरी भुगतान प्रणाली खतरे में पड़ सकती है। हालांकि यह देखकर काफी संतोष होता है कि आईडीआरबीटी के सहयोग से एनपीसीआई अपनी खुदरा भुगतान प्रणाली को इष्टतम सुरक्षा प्रदान कर रहा है, परंतु पूरे आर्थिक क्षेत्र के लिए इस बात की अनिवार्य रूप से आवश्यकता है कि सुरक्षा उनकी कार्यशैली का एक अभिन्न घटक बने और यह सुनिश्चित किया जाए कि सुरक्षा की संस्कृति विकसित हो। इस बात को सदैव अपने मस्तिष्क में बैठाने की जरूरत है कि कोई भी प्रणाली शत-प्रतिशत सुरक्षित नहीं हो सकती। जहां एक ओर इस श्रेणी में उपलब्ध सर्वोत्तम सुरक्षा मानकों का परीक्षण करना, समय-समय पर उनकी दोषपूर्णता की जाँच करते रहना, उनमें मौजूद जोखिमों को कम करना आवश्यक है, वहीं यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि प्रणाली में ऐसी आघातसहनीयता विकसित की जाए जिससे निरंतर बिना किसी बाधा के सेवाएं जारी रखी जा सकें और यदि कोई रुकावट आती भी है तो बहुत कम समय में सेवाओं को फिर से बहाल किया जा सके।

13. उत्कृष्टता का छठा संकेतक है 'अनुकूलता'। तेजी से बदलती दुनिया में, उत्पादों का जीवन-चक्र बहुत छोटा होता जा रहा है और ऐसे में उन्हें जल्दी-जल्दी होने वाले परिवर्तनों के प्रति अनुकूलित करना वास्तव में आवश्यक है। यहाँ पर मैं इस बात को रेखांकित करना चाहूंगा कि आरबीआई ने रीडर सॉर्टर आधारित प्रोसेसिंग के साथ माइकर (एमआईसीआर) चेक क्लियरिंग की शुरुआत की लेकिन कुछ साल पहले इसे बंद करके चेक ट्रंकेशन प्रणाली लायी गयी। यह विकास के साथ अनुकूलन का एक अच्छा उदाहरण है।

भावी दिशा

14. मैं कुछ अन्य पहलुओं की चर्चा भी करना चाहता हूं जो किसी भी भुगतान सेवा प्रदाता और उत्पाद पर लागू होते हैं और भविष्य की दिशा तय करते हुए इनका परीक्षण कर लेना आवश्यक है।

i. *कार्यनिष्पादन का आकलन :* खुदरा भुगतान प्रणालियों के परिदृश्य को देखने पर इस तथ्य पर मंथन किया जा सकता है कि कहीं हमारे पास बहुत अधिक उत्पाद/ उत्पादों की भिन्नता तो नहीं है। जिन उत्पादों की उपयोगिता न रह गई हो गई हो, उन्हें समाप्त किया जा सकता है। समेकन की प्रक्रिया, उत्पादों और सेवा-प्रदाताओं को समाप्त करने के मार्ग का सक्रियता पूर्वक अनुसरण किया जाना चाहिए। यह भी संभव है कि बाजार/उपयोगकर्ता स्वयं यह कार्य पूर्ण कर लें। प्रणालियों की अंतर्निहित क्षमताओं का पूर्ण दोहन किए जाने के लिए उन्हें परस्पर-परिचालन योग्य बनाया जाना भी उपयोगी है।

ii. *उपभोक्ता शिकायत निवारण प्रक्रिया :-*

(क) भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा आयोजित किए गए इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग जागरूकता और प्रशिक्षण (ई-बात) कार्यक्रमों और हाल ही में मीडिया के लिए आयोजित कार्यशालाओं से एक महत्वपूर्ण बात उभरकर सामने आयी है। उपभोक्ताओं में न सिर्फ भुगतान के विभिन्न विकल्पों और विशेषताओं के बारे में, बल्कि उपलब्ध शिकायत निवारण प्रक्रियाओं के बारे में भी जागरुकता की कमी विद्यमान है। यह अशिक्षा सभी भौगोलिक क्षेत्रों और अंचलों में फैली हुई है। इसका दायरा सिर्फ ग्रामीण या अर्द्ध-शहरी क्षेत्र, उत्तर या दक्षिण नहीं है। यह बात बैंक की शाखाओं में काउंटरों पर बैठे स्टाफ पर भी समान रूप से लागू होती है। जनता को शिक्षित करने के लिए क्या हम पर्याप्त कार्य कर रहे हैं? क्या यह जिम्मेदारी अकेले विनियामक की ही होनी चाहिए ? इसका जवाब है, नहीं। हम सभी को उपभोक्ता जागरुकता उत्पन्न करने के लिए सचेत रह कर दृढ़तापूर्वक प्रयत्न करने चाहिए। भुगतान की आर्थिक प्रणाली के अंतर्गत जानकार उपभोक्ता एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है।

(ख) हमें लेनदेन विफल होने से संबंधित बहुत सी शिकायतें प्राप्त होती हैं। हमारे देश में, जब नए उपयोगकर्ताओं को डिजिटल वित्तीय लेनदेन में शामिल किया जा रहा है तब यदि उनका प्रारंभिक अनुभव हितकारी नहीं होगा तो उनकी रुचि समाप्त हो जाएगी और वे गैर-डिजिटल माध्यमों की ओर लौट जाएंगे। यह आवश्यक है कि हम प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल इस अनुभव को हितकारी बनाना सुनिश्चित करने के लिए

करें। भुगतान प्रणालियों में 100% परिशुद्धता अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करनी होगी।

(ग) हम उपभोक्ताओं के विषय में चर्चा कर रहे हैं, इसलिए मैं प्रभावी निवारण प्रक्रिया की जरूरत पर भी प्रकाश डालना चाहूंगा। बैंकिंग से संबंधित उपभोक्ता शिकायतों के निवारण के लिए व्यापक तंत्र स्थापित है, किंतु डिजिटल दायरे में शिकायत निवारण के बारे में ऐसा नहीं कहा जा सकता, जबकि ऐसी व्यवस्था स्थापित करने की जरूरत है। सदस्य संस्थानों तथा भुगतान सेवा प्रदाताओं को शिकायतों का ध्यान रखने के लिए अपनी शिकायत निवारण प्रक्रिया को मजबूत बनाने की आवश्यकता है। ये प्रक्रियाएं पारदर्शी और प्रभावी होनी चाहिए।

15. रिज़र्व बैंक, भुगतान प्रणालियों से संबंधित अपने विज़न को 2001 से ही सार्वजनिक करता रहा है। आने वाले समय से संबंधित परिकल्पना के अगले दस्तावेज पर कार्य प्रारंभ हो गया है। भविष्य में और अधिक चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा और यह समय अर्थव्यवस्था की मजबूती के साथ-साथ संवृद्धि के लिए भी उचित होगा। भारतीय रिज़र्व बैंक ने भुगतान प्रणालियों सहित प्रत्येक क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा और नवोन्मेष का हमेशा साथ दिया है। गैर-बैंक संस्थानों को पीपीआई जारी करने, व्हाइट लेबल एटीएम स्थापित करने की अनुमति के साथ भुगतान की आर्थिक प्रणाली में गैर-बैंक संस्थानों को अनुमति प्रदान करना इसी बात को मजबूती प्रदान करने के अंतर्गत था, और इससे नवोन्मेष तथा प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिला है। आने वाले वर्षों में भी यही बात विनियामकीय दर्शन के पथप्रदर्शन का कार्य करेगी।

16. उक्त प्रमुख मुद्दों के अलावा, हमें अगले तीन-चार वर्षों में अपनायी जाने वाली भुगतान प्रणालियों के खांके के बारे में सुझाव भी प्राप्त हो रहे हैं। हम उन सुझावों को परख रहे हैं, किंतु विचार-विमर्श और निम्नलिखित को यथासंभव बेहतरीन ढंग से स्थापित करने की जरूरत है -

- आंकड़ों का बेहतरीन संकलन, बिग डाटा का विश्लेषण और मानदंड निर्धारण के लिए विश्लेषण ढांचे का होना।
- धोखाधड़ी के आंकड़ों को पूरे उद्योग/पूरी प्रणाली में साझा करने का मंच (प्लेटफॉर्म) मौजूदगी।
- विभिन्न उद्योग क्षेत्रों के बीच स्व-विनियामकीय संगठनों की मौजूदगी।
- इंटरनेट से आपसे में जुड़ने वाले रोजमर्रा के उपकरणों और सोशल नेटवर्कों पर आधारित भुगतानों के सुरक्षा पहलुओं सहित मोबाइल भुगतानों के लिए सुरक्षा मानकों का होना।
- ब्लॉक चेन की लिवरेजिंग या डिस्ट्रीब्यूटेड लेजर टेक्नोलॉजी।
- क्यूआर कोड, टोकन प्रदान करने के माध्यम से भुगतान सहित संपर्क रहित भुगतानों को प्रोत्साहित करना।
- त्वरित विनियामकीय प्रतिक्रिया (रेग्युलेटरी सैंडबॉक्स) के माध्यम से नवोन्मेष।

17. अंतिम, किंतु महत्वपूर्ण बात कि भारत में भुगतान प्रणालियां, जैसा कि पहले भी कहा गया, विश्व की सर्वश्रेष्ठ प्रणालियों में से हैं। ऐसा सभी हितधारकों के मिले-जुले प्रयासों से ही संभव हो पाया है। भारतीय रिज़र्व बैंक ने अपनी ओर से विनियम निर्धारित करते समय हमेशा से सभी हितधारकों से विचार-विमर्श की प्रक्रिया को अपनाया है। प्रतिस्पर्धा और नवोन्मेष को निश्चित रूप से प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, किंतु विनियामक को प्रणाली की स्थिरता का भी ध्यान रखना होता है। उदाहरण के लिए, केवाईसी, एएमएल ढांचे को आसान बनाए जाने से जनता का भरोसा प्रणाली से ही उठ सकता है, अत: हर हाल में इससे परहेज किया जाना चाहिए।

18. भुगतान प्रणालियों की खामियों को निरापद और सुरक्षित ढंग से पाटने के लिए प्रौद्योगिकीय नवोन्मेषों से लिवरेज करना हमारा आदर्श वाक्य होना चाहिए। आज के उत्कृष्टता पुरस्कारों को इसका संकेत मानते हुए मैं उज्ज्वल भविष्य के प्रति आशान्वित हूं। हमें भविष्य का अंग नहीं बनना है - हमें भविष्य का निर्माण करना है और उसे सफलताओं वाला बनाना है।

19. आज के सभी पुरस्कार विजेताओं को मेरी ओर से बधाई। पुरस्कार से, उन्हें आगे भी उत्कृष्ट उपलब्धियां अर्जित करने की प्रेरणा मिलनी चाहिए और दूसरों को भी चाहिए कि वे इनसे प्रेरणा ग्रहण करते हुए दुनिया की सर्वोत्तम भुगतान प्रणाली के सृजन की ओर आगे बढ़ें जो निरापद, सुरक्षित, सक्षम और सुविधाजनक हो।

मैं आशा करता हूं कि एनपीसीआई इस लक्ष्य को हासिल करने में मुख्य भूमिका का निर्वहन करेगा।

धन्यवाद।

लेख

निजी कॉर्पोरेट कारोबार क्षेत्र का निष्पादन :

2016-17 से ति3 : 2017-18

निजी कॉर्पोरेट कारोबार क्षेत्र का निष्पादन : 2016-17 से ति3 : 2017-18*

गैर-सरकारी गैर-वित्तीय (एनजीएनएफ) सूचीबद्ध कंपनियों ने विनिर्माण क्षेत्र के कार्य-निष्पादन में सुधार होने के कारण 2016-17 में बहाली दर्शायी तथापि, सेवा क्षेत्र में कंपनियों (सूचना प्रौद्योगिकी को (आईटी) छोड़कर) द्वारा घाटा वहन करने के कारण सकल निष्पादन के संबंध में अवरोध बना रहा। विनिर्माण कंपनियों द्वारा डीलीवरेजिंग करने से इस क्षेत्र में अचल संपत्तियों का निर्माण कम हुआ।

1. प्रस्तावना

भारत में स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध कंपनियों के अनिवार्य वित्तीय विवरण, कॉर्पोरेट क्षेत्र को पेश आ रही कारोबारी स्थितियों के बारे में जानकारी का समृद्ध स्रोत होते हैं। इन तिमाही विवरणों का विश्लेषण समय पर प्रमुख निष्पादन मानकों के संबंध में संकेत प्रदान करता है। समष्टि आर्थिक परिप्रेक्ष्य में, समग्र कॉर्पोरेट बिक्री, अर्थव्यवस्था में मांग की स्थिति दर्शाती है। वस्तुओं के अंतरराष्ट्रीय और घरेलू मूल्यों में होने वाले उतार-चढ़ाव से प्रभावित कच्चे माल की लागत इन कंपनियों को पेश आ रहे इनपुट लागत दबावों को दर्शाती है। इसी तरह, कर्मचारियों की लागत कारोबार प्रतिस्पर्धात्मकता का एक प्रमुख निर्धारक है और उत्पादन की प्रति इकाई पर कर्मचारियों की लागत, श्रम उत्पादकता का एक उचित सुदृढ़ संकेतक है। निजी कॉर्पोरेट क्षेत्र में योजित सकल मूल्य (जीवीए1) संबंधी तिमाही आकलनों का फौरी पूर्वानुमान (नाउकॉस्ट) व्यक्त करने के लिए केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन (सीएसओ) दरअसल, सूचीबद्ध कंपनियों की तिमाही आय के संक्षिप्त परिणामों का उपयोग करता है जबकि निवेश की प्रवृत्ति को समझने के महत्वपूर्ण संकेत वित्तेतर कॉर्पोरेट क्षेत्र के पूंजीगत व्यय से मिलते हैं। कीमत निर्धारण शक्ति का एक महत्वपूर्ण पैमाना इन कॉर्पोरेट कंपनियों का लाभ मार्जिन होता है, जिसका मुद्रास्फीति के परिदृश्य पर प्रभाव पड़ता है। कार्पोरेट लीवरेज तथा ऋण चुकौती क्षमता संबंधी जानकारी के मुकाबले उल्लेखनीय एक्सपोजर वाली वित्तीय संस्थाओं की चलनिधि और ऋण-शोधन क्षमता के संकेतकों से निकाले गए जोखिम प्रोफाइल आकलन, प्रणालीगत परिप्रेक्ष्य से वित्तीय स्थिरता का मूल्यांकन करने के लिए उपयोगी होते हैं।

वैश्विक वित्तीय संकट की समयावधि से विभिन्न एजेंसियों जैसे कि अंतरराष्ट्रीय मौद्रिक कोष (आईएमएफ) ने अपने वैश्विक वित्तीय स्थिरता के अनुमान (आईएमएफ, 2017) में कॉर्पोरेट क्षेत्र के विश्लेषण और अन्य क्षेत्रों के साथ अंतर-संबंधों को एकीकृत किया है। बैंक द इटालिया की हालिया वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट वित्तेतर कॉर्पोरेट क्षेत्र की लाभप्रदता और कर्ज चुकौती क्षमता को प्रस्तुत करती है जो कि कंपनियों के बड़े नमूनों की वित्तीय रिपोर्टों पर आधारित है (बैंक द इटालिया, 2017)। चीन में सूचीबद्ध कंपनियों के वित्तीय विवरणों का विस्तार पूर्वक विश्लेषण हाल ही में रिज़र्व बैंक ऑफ आस्ट्रेलिया द्वारा किया गया है जिसमें वित्तीय उपायों में होने वाले संचरण चीन की अर्थव्यवस्था में पेश आ रही व्यापक परिस्थितियों के अनुरूप ही काफी निकट हैं (रिज़र्व बैंक ऑफ आस्ट्रेलिया, 2017)। विभिन्न केन्द्रीय बैंकों द्वारा कॉर्पोरेट निष्पादन के वार्षिक विस्तृत विश्लेषण भी प्रकाशित किए गए हैं (उदाहरण के लिए, ड्यूश बंड्स बैंक, 2017)।

भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) 1950 से निजी कॉर्पोरेट क्षेत्र के विश्लेषण की परंपरा का निर्वाह करता रहा है (आरबीआई, 2011)। अभी हाल में, कॉर्पोरेट क्षेत्र के विश्लेषण को और अधिक तरजीह मिलने लगी है क्योंकि भारतीय लेखा मानकों को वैश्विक रूप से स्वीकार्य अंतरराष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग मानकों (आइएफआरएस) के साथ सुसंगत बनाने की प्रतिबद्धता 2009 में संपन्न जी20 शिखर सम्मेलन में की गई थी। नए लेखा मानकों को संघीय बजट, 2014-15 में प्रस्तावित किया गया और 16 फरवरी 2016 को कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) ने इसे 'कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियमावली, 2015' (इंड-एएस) के रूप में अधिसूचित कर दिया था जो सभी सूचीबद्ध कंपनियों के कॉर्पोरेट वित्तीय विवरणों हेतु 1 अप्रैल 2017 से लागू हो गया है (भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड, 2016)। इंड-एएस, भारतीय सामान्यतया स्वीकार्य लेखा सिद्धांतों (जीएएपी) और आइएफआरएस के बीच सुसंगतता बनाने का प्रयास है।

यह आलेख 2016-17 के दौरान निजी (वित्तेतर) कॉर्पोरेट क्षेत्र के निष्पादन की समीक्षा 3,007 सूचीबद्ध एनजीएनएफ कंपनियों की कमाई संबंधी परिणामों के आधार

यह आलेख सांख्यिकीय और सूचना प्रबंध विभाग के कॉर्पोरेट अध्ययन प्रभाग में तैनात श्री अनुजीत मित्रा के मार्गदर्शन में श्री कश्यप गुप्ता और श्री सप्तऋषि घोषाल द्वारा तैयार किया गया है। इस आलेख में प्रस्तुत दृष्टिकोण लेखकों के हैं और वे भारतीय रिज़र्व बैंक के दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।

[1] जीवीए कर पूर्व आमदनी और ब्याज, मूल्यह्रास और मजदूरी/वेतन के प्रति किए गए भुगतान का जोड़ है।

पर करता है। भारतीय कॉर्पोरेट्स की जोखिम प्रोफाइल और निधियों के स्रोतों एवं उपयोगों का अध्ययन करने के लिए इन कंपनियों के गैर-लेखापरीक्षित तुलन-पत्रों का उपयोग किया गया है। शेष आलेख पांच खंडों में तैयार किया गया है। खंड 2 चुनिंदा मानदंडों के संदर्भ में कॉर्पोरेट निष्पादन की समीक्षा करता है, इन कॉर्पोरेट्स की जोखिम प्रोफाइल का विश्लेषण करता है, विनिर्माण क्षेत्र द्वारा निधियों के स्रोतों और उपयोग की समीक्षा करता है और 2017-18 में अब तक कॉर्पोरेट निष्पादन को प्रस्तुत करने के साथ उपयोग-आधारित वर्गीकरण के आधार पर मांग परिदृश्य का परिप्रेक्ष्य प्रस्तुत करता है। खंड 3 भारी ऋण-ग्रस्त कंपनियों के निष्पादन और क्षमता उपयोग की अवस्थिति एवं निवेश पैटर्न में कर्ज चुकौती को ध्यान में रखते हुए कॉर्पोरेट जोखिम प्रोफाइल का विश्लेषण करता है। खंड 4 हाल की अवधि में विनिर्माण कंपनियों को पेश आ रहे इनपुट लागत दबावों के संबंध में गंभीर विवेचना करता है। खंड 5 कुछ समापन टिप्पणियों का उल्लेख करता है। इस आलेख में उपयोग में लाए गए आंकड़े भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट https://dbie.rbi.org.in/DBIE/dbie.rbi?site=statistics#!2_42 पर उपलब्ध हैं।

2. कॉर्पोरेट कार्य-निष्पादन

2016-17 के दौरान चुनिंदा कंपनियों की बिक्री में वृद्धि हुई परंतु इसका मुख्य कारण कीमतों में वृद्धि होना रहा न कि मांग में तेजी आना - पिछले चार वर्षों से 'वास्तविक' बिक्री स्थिर बनी हुई है (चार्ट 1)। कच्चे माल की कीमतों में तेजी के बावजूद उत्पादन को बेहतर मूल्यन प्राप्त हुआ। समग्र खर्च में हुई तीव्र वृद्धि के कारण परिचालनगत लाभों और सांकेतिक (जीवीए) वृद्धि में कमी आई/बाधा उत्पन्न हुई। वस्तुतः, अन्य/गैर-परिचालनगत आय के कारण कॉर्पोरेट मार्जिन में इजाफा हुआ (सारणी 1 और सारणी 2)।

सारणी 1: सूचीबद्ध गैर सरकारी गैर - वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन

संकेतक	2015-16		2016-17	
	राशि बिलियन ₹ में	वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि प्रतिशत में	राशि बिलियन ₹ में	वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि प्रतिशत में
कंपनियों की संख्या	2,932		3,007	
बिक्री	29,898	-1.6	31,316	3.1
उत्पादन का मूल्य	29,814	-2.4	31,516	4.0
व्यय,जिसमें से	25,269	-4.4	26,620	3.8
कच्चा माल	11,726	-12.4	12,300	4.8
स्टाफ लागत	2,905	13.1	3,306	8.7
बिजली और ईंधन	1,051	-7.1	977	-1.2
परिचालन लाभ	4,545	10.2	4,896	5.4
अन्य आय	918	-2.4	1,036	5.9
ईबीआईटीडीए	5,463	7.9	5,932	5.5
मूल्यह्रास	1,226	5.0	1,375	6.4
सकल लाभ (ईबीआईटी)	4,238	8.8	4,557	5.2
ब्याज	1,310	5.0	1,421	4.8
ईबीटी (एनओपी के पहले)	2,927	10.5	3,136	5.4
कर प्रावधान	779	2.2	834	1.5
निवल लाभ	1,966	9.3	2,048	11.2

टिप्पणी : ईबीआईटीडीए: ब्याज कर मूल्यह्रास एवं परिशोधन पूर्व अर्जन।
ईबीटी: कर पूर्व अर्जन

चार्ट 1: नाममात्र विक्रय, वास्तविक विक्रय और डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति में रुझान



सारणी 2: सूचीबद्ध गैर सरकारी गैर वित्तीय कंपनियों के महत्वपूर्ण कार्यनिष्पादन मानदंड

(प्रतिशत)

अवधि	कंपनियों की संख्या	बिक्री वृद्धि	जीवीए वृद्धि	व्यय वृद्धि	परिचालन लाभ वृद्धि	निवल लाभ वृद्धि	परिचालन लाभ मार्जिन	निवल लाभ मार्जिन
	1	2	3	4	5	6	7	8
2009-10	2,629	11.7	19.2	9.6	26.6	28.8	16.9	9.4
2010-11	2,763	19.8	13.5	22.1	12.4	15.8	15.6	9.0
2011-12	2,679	18.5	9.1	20.7	1.7	-16.8	13.5	6.4
2012-13	2,931	9.1	8.0	9.6	3.5	-2.0	12.9	5.9
2013-14	2,854	4.7	6.6	4.2	2.3	-5.1	12.8	5.8
2014-15	2,925	1.4	8.0	0.7	5.3	-0.7	13.6	5.9
2015-16	2,932	-1.6	9.7	-4.4	10.2	9.3	15.2	6.6
2016-17	3,007	3.1	6.6	3.8	5.4	11.2	15.6	6.5

मुख्य उद्यमों, लौह और स्टील, पेट्रोलियम उत्पादों और सीमेंट एवं सीमेंट उत्पादों ने विनिर्माण क्षेत्र के निष्पादन को तेजी प्राप्त जबकि फार्मास्युटिकल कंपनियों और खाद्य उत्पादों एवं पेय उद्योगों की बिक्री में गिरावट आई (चार्ट 2ए, चार्ट 2बी और सारणी 3)।

हालांकि फार्मास्युटिकल कंपनियों और खाद्य उत्पादों एवं पेय उद्योगों के मामले में 2015-16 में बिक्री में दर्ज की गई गिरावट से 2016-17 में बाहर आया जा चुका है।

भू-संपदा क्षेत्र और थोक तथा खुदरा व्यापार कंपनियों के खराब निष्पादन के कारण सेवा (आईटी को छोड़कर) क्षेत्र की समग्र बिक्री में कमी दर्ज की गई। दूरसंचार उद्योग का सिकुड़ता हुआ राजस्व भी चिंता के सबब बना है। सेवा (आईटी को छोड़कर) क्षेत्र के परिचालनगत (और निवल) लाभों में गिरावट आई क्योंकि दूरसंचार कंपनियों को काफी नुकसान उठाना पड़ा। इसके विपरीत, परिवहन और भंडारण सेवा तथा अस्पताल सेवा उद्यमों की बिक्री में तेजी दर्ज की

चार्ट 2ए: विक्रय वृद्धि-सुधार



चार्ट 2बी: विक्रय वृद्धि-संकुचन



चार्ट 3: विक्रय वृद्धि-सेवाएं (आईटी के अलावा)



गई। आईटी क्षेत्र की विक्रय वृद्धि में धीमापन सामने आया 2015-16 में स्टाफ-लागत में हुई तीव्र वृद्धि कायम नहीं रह पाई (चार्ट 3 और सारणी 3)।

आईटी क्षेत्र में बिक्री की तुलना में स्टाफ लागतों का अनुपात बढ़ा और यह 2009-10 के बाद से अब अपने उच्चतम स्तर पर पहुंचा (चार्ट 4) और इस प्रकार क्षेत्र की लाभप्रदता में गिरावट आई। दूरसंचार उद्योग के कारण सेवा (आईटी को छोड़कर) क्षेत्र का शुद्ध लाभ मार्जिन ऋणात्मक हो गया।

विनिर्माण कंपनियों के मामले में आरक्षित निधियों और अधिशेष में वृद्धि तथा व्यापार से होनी वाली आय निधि के प्रमुख स्रोत थे। गत वर्ष, सहायक कंपनियों में विनिवेश

सारणी 3: सूचीबद्ध गैर सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों के क्षेत्रवार कार्यनिष्पादन के मानदंड

(प्रतिशत)

अवधि	विनिर्माण						सेवाएँ (गैर -आईटी)						आईटी					
	बिक्री वृद्धि	जीवीए वृद्धि	परिचालन लाभ वृद्धि	निवल लाभ वृद्धि	परिचालन लाभ मार्जिन	निवल लाभ मार्जिन	बिक्री वृद्धि	जीवीए वृद्धि	परिचालन लाभ वृद्धि	निवल लाभ वृद्धि	परिचालन लाभ मार्जिन	निवल लाभ मार्जिन	बिक्री वृद्धि	जीवीए वृद्धि	परिचालन लाभ वृद्धि	निवल लाभ वृद्धि	परिचालन लाभ मार्जिन	निवल लाभ मार्जिन
	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18
2009-10	12.9	27.4	33.1	44.2	15.8	8.5	3.6	-9.6	-1.8	-42.5	13.7	4.7	5.6	9.7	18.9	18.0	27.5	21.4
2010-11	22.4	11.9	11.7	20.0	14.3	8.2	8.5	18.2	17.6	25.3	14.3	5.4	16.9	18.1	13.5	14.4	25.8	19.8
2011-12	18.7	5.9	-0.1	-22.1	11.9	5.4	15.3	3.5	-3.9	-48.0	12.4	2.1	21.8	24.9	16.1	23.0	24.7	20.1
2012-13	8.8	6.6	2.7	2.2	11.3	5.3	11.5	10.5	11.0	-36.1	12.8	1.4	14.0	17.5	18.3	8.9	25.4	19.3
2013-14	4.2	4.0	0.0	-7.1	10.9	4.9	2.6	-4.2	-15.4	-71.7	11.6	1.2	20.4	22.5	29.1	25.7	28.2	21.1
2014-15	0.4	5.4	3.3	-7.8	11.5	4.5	3.7	23.4	38.1	$	13.6	2.7	10.7	11.8	6.6	8.1	26.8	21.3
2015-16	-3.7	7.5	9.6	12.6	13.0	5.3	4.9	8.2	21.9	-16.9	21.0	5.0	11.3	16.3	11.9	14.5	26.6	22.5
2016-17	4.2	10.6	12.2	28.0	14.1	6.5	-1.5	-2.0	-7.7	-114.5	19.2	-0.9	9.4	8.7	8.0	8.7	25.5	21.0

टिप्पणी: अनुपात/वृद्धि दर, जिसके लिए हर नकारात्मक है, की गिनती नहीं की जाती और उसे '$' दर्शाया गया है।

चार्ट 4: विक्रय की तुलना में व्यय और ब्याज एवं कर-पूर्व अर्जन (ईबीआईटी) के घटक (आईटी)



करने एवं माल सूची को बेचने के जरिए भारी निधि जुटाई गई (सारणी 4)।

विनिर्माण कंपनियों ने अपने दीर्घ-कालिक कर्ज संबंधी दायित्वों को कम करने के लिए जुटाई गई निधि का लगभग 15 प्रतिशत उपयोग किया, जो दर्शाता है कि आस्तियों की बहुतायत में तेजी से बिक्री की गई है, जिसके परिणामस्वरूप अचल आस्ति निर्माण में भी तेज गिरावट आई। बाकी निधि का उपयोग वित्तीय आस्तियों में निवेश करने एवं माल सूची के संचयन के लिए किया गया, ऐसा शायद कच्चे माल की बढ़ती कीमतों से बचाव के लिए किया गया।

2.1 वर्ष 2017-18 में कॉर्पोरेट के अब तक के कार्य-निष्पादन

2017-18 की पहली तिमाही में, बिक्री की वृद्धि में कमी और संपूर्ण व्यय में तेजी से वृद्धि की वजह से विनिर्माण क्षेत्र एवं पूरे कॉर्पोरेट क्षेत्र के परिचालन लाभ में गिरावट आई। इसके साथ-साथ 2017-18 की पहली तिमाही में विनिर्माण क्षेत्र के सांकेतिक जीवीए में भी गिरावट आई। तथापि, इनपुट लागतों में कमी आने एवं माल और सेवा कर (जीएसटी) को लागू करने की वजह से हुई हानि में सुधार के कारण 2017-18 की दूसरी तिमाही में विनिर्माण क्षेत्र के कार्य-निष्पादन के प्रमुख मानदंडों में बहाली देखने को मिली। 2017-18 की तीसरी तिमाही में विनिर्माण क्षेत्र में मांग की स्थितियां और बेहतर हुईं, जैसा विक्रय की वृद्धि से स्पष्ट है और यह सुधार अनुकूल आधारभूत प्रभाव के कारण नहीं है (सारणी 5)।

विमुद्रीकरण और जीएसटी लागू करने की वजह से सामयिक नुकसान पहुंचने के बावजूद सूचीबद्ध विनिर्माण कंपनियों द्वारा माल सूची में कमी (डी-स्टॉक) और परिसमापन करने का कोई प्रमाण नहीं था। उपयोग आधारित दृष्टिकोण से मांग की स्थिति का विश्लेषण करने से पता चलता है कि 2017-18 की पहली तिमाही में निजी कॉर्पोरेट क्षेत्र की जीवीए वृद्धि ऋणात्मक हो गई लेकिन टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं के मामले में स्थिर वृद्धि दर्ज की गई। विमुद्रीकरण के बाद निर्माण वस्तुओं की वास्तविक बिक्री और सांकेतिक जीवीए वृद्धि में गिरावट आई, लेकिन गैर-टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं के मामले में अधिक स्पष्ट प्रभाव देखने को मिला, जिसमें बिक्री और सांकेतिक जीवीए कम हुआ। विनिर्माण कंपनियों द्वारा अचल आस्तियों में कम निवेश पूंजीगत वस्तुओं की कमजोर मांग में परिलक्षित हुआ, जिसके परिणामस्वरूप इस क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों के जीवीए में लगातार कमी आई। ति3:2017-18 में विनिर्माण क्षेत्र में सांकेतिक जीवीए वृद्धि की बहाली को प्राथमिक, मध्यम, निर्माण वस्तुओं तथा टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं में सहायता मिली। 2017-18 की पहली छमाही में बिक्री तथा पूंजीगत वस्तुओं का सांकेतिक जीवीए, दोनों विनिर्माण क्षेत्र में अचल आस्ति निवेश के अनुरूप रहे।

सारणी 4: निधियों के स्रोत और उपयोग: विनिर्माण क्षेत्र (प्रतिशत में)

निधि का स्रोत			निधि का उपयोग		
समयावधि	**2015-16**	**2016-17**	**समयावधि**	**2015-16**	**2016-17**
देयताओं में वृद्धि द्वारा			**आस्तियों में वृद्धि द्वारा**		
शेयर पूंजी	0.5	–	कुल अप्रचलित आस्तियां	68.8	53.9
आरक्षित और अधिशेष	27.0	47.2	-चल आस्तियाँ (तहर्सि याक तगीजूंप)	42.8	19.8
शेयर वारंट पर प्राप्त मुद्रा	–	0.1	-अप्रचलित निवेश	11.9	30.5
आबंटन के लिए लंबित शेयर आवेदन पर प्राप्त मुद्रा	–	0.2	-आस्थगित कर आस्तियां	1.5	1.9
कुल अप्रचलित देयताएँ	6.7	1.6	-दीर्घावधि ऋण और अग्रिम	–	1.7
-दीर्घावधि उधारियाँ	1.0	–	-अन्य अप्रचलित आस्तियाँ	12.6	–
-कर देयताओं में अंतर	2.6	1.0	कुल चालू आस्तियां	20.5	27.4
-दीर्घावधि प्रावधान	–	0.7	-वर्तमान निवेश	0.8	12.2
-अन्य दीर्घावधि देयताएँ	3.0	–	-इन्वेन्टरीज	–	9.8
कुल चालू देयताएँ	27.0	49.1	-व्यापार में प्राप्य राशियाँ	4.1	2.8
-अल्पावधि उधारियाँ	8.5	10.0	-नकदी और नकदी समान	–	1.8
-व्यापार देय	–	18.2	-अन्य चालू आस्तियाँ	15.7	0.7
-अल्पावधि प्रावधान	–	1.4	अन्य आस्तियाँ	0.8	1.6
-अन्य चालू देयताएँ	18.4	19.5			
अन्य-इक्विटी और देयताएँ	–	0.6			
कुल	**61.2**	**98.8**	**कुल**	**90.1**	**82.8**
आस्तियों में कमी के द्वारा			**देयताओं में कमी के द्वारा**		
कुल अप्रचलित आस्तियाँ	16.3	0.4	शेयर पूंजी	–	1.1
-दीर्घावधि ऋण और अग्रिम	16.3	–	शेयर वारंट से प्राप्त मुद्रा	0.1	–
-अन्य अप्रचलित आस्तियाँ	–	0.4	आबंटन के लिए लंबित शेयर आवेदन मुद्रा	0.4	–
कुल चालू आस्तियाँ	22.5	0.8	कुल अप्रचलित देयताएँ	1.3	16.0
-माल-सूची (इनवेंटरी)	5.0	–	दीर्घावधि उधारियाँ	–	14.8
-नकदी और नकदी समान	0.9	–	-दीर्घावधि प्रावधान	1.3	–
-अल्पावधि ऋण और अग्रिम	16.6	0.8	-अन्य दीर्घावधि देयताएँ	–	1.3
			कुल चालू देयताएँ	8.0	–
			-व्यापार देय	0.2	–
			-अल्पावधि प्रावधान	7.8	–
			अन्य इक्विटी और देयताएँ	0.1	–
कुल	**38.8**	**1.2**	**कुल**	**9.9**	**17.2**
कुल जोड़	**100.0**	**100.0**	**कुल जोड़**	**100.0**	**100.0**

टिप्पणी: 1780 सामान्य विनिर्माण कंपनियों के आधार पर।
निधियों के उपयोग द्वारा कुल स्रोतों और आंकड़ों को सामान्य कृत बनाया गया है। '-' कुछ नहीं प्रविष्टि दर्शाता है।

3. कॉर्पोरेट जोखिम रूपरेखा

200 प्रतिशत से अधिक लीवरेज अनुपात और 1 से कम (ऋणात्मक निवल मालियत वाली कंपनियों सहित) आईसीआर (ब्याज कवरेज अनुपात) वाली कंपनियों में, कपड़ा एवं दूरसंचार कंपनियां कमजोर नजर आईं और इन उद्योगों में 2016-17 में जोखिम वाले कर्ज काफी बढ़े। 'अस्थिर' निर्माण कंपनियों द्वारा धारित कर्ज का हिस्सा भी बढ़ गया (सारणी 4)।

बाकी सैम्पल की तुलना में, विनिर्माण कंपनियों में अत्यधिक ऋणग्रस्त कंपनियों (अर्थात, 2015-16 में जिनका कर्ज इक्विटी अनुपात 200 प्रतिशत से अधिक और कुल आस्तियों में कर्ज का अनुपात 50 प्रतिशत से अधिक है)

सारणी 5: गैर सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों के कार्यनिष्पादन : 2017-18 की तीसरी तिमाही

(प्रतिशत)

मद	वि.व.17 ति1	वि.व.17 ति2	वि.व.17 ति3	वि.व.17 ति4	वि.व.18 ति1	वि.व.18 ति2	वि.व.18 ति3
सभी कंपनियाँ							
कंपनियों की सं	**2,775**	**2,702**	**2,784**	**2,726**	**2,744**	**2,701**	**2,705**
वर्ष -दर- वर्ष वृद्धि							
बिक्री	0.1	1.9	2.8	7.2	7.6	7.2	11.3
व्यय	-1.4	1.3	5.0	9.1	11.0	5.9	10.9
परिचालन लाभ	9.6	5.5	7.6	2.1	-10.0	5.0	7.2
जीवीए	9.3	8.0	7.6	2.3	-2.3	4.4	6.5
ब्याज	5.8	0.0	11.4	-1.6	-1.5	8.1	-5.8
निवल लाभ	11.2	16.0	24.6	-6.9	-21.2	-23.1	6.0
अनुपात							
बिक्री के लिए परिचालन लाभ	17.0	16.6	15.9	14.4	14.0	15.7	15.4
बिक्री के लिए निवल लाभ	7.5	8.7	6.8	4.6	5.5	5.8	6.7
विनिर्माण							
कंपनियों की सं	**1,804**	**1,775**	**1,818**	**1,747**	**1,759**	**1,738**	**1,743**
वर्ष -दर- वर्ष वृद्धि							
बिक्री	-1.0	3.7	4.9	10.2	8.9	9.5	14.0
व्यय	-2.6	2.9	7.6	11.2	12.4	6.4	12.3
परिचालन लाभ	12.0	10.4	16.2	14.2	-12.0	11.2	14.0
जीवीए	12.0	11.2	13.8	9.2	-5.4	8.3	10.1
ब्याज	2.0	-2.3	7.6	-8.0	-3.4	14.3	-1.8
निवल लाभ	28.8	27.5	57.5	22.2	-33.6	-4.0	-2.4
अनुपात							
बिक्री के लिए परिचालन लाभ	15.2	14.7	14.3	13.2	12.2	14.6	14.4
बिक्री के लिए निवल लाभ	7.2	7.9	6.2	6.0	4.4	6.4	5.7
सेवाएँ (गैर-आईटी)							
कंपनियों की संख्या	**493**	**508**	**514**	**498**	**501**	**494**	**485**
वर्ष -दर -वर्ष वृद्धि							
बिक्री	-0.3	-3.5	-4.6	-2.9	4.1	-2.5	1.6
व्यय	-1.8	-5.7	-3.2	3.4	10.4	2.6	4.4
परिचालन लाभ	6.1	4.3	-8.9	-25.7	-17.8	-22.7	-11.9
जीवीए	7.1	5.3	-4.5	-18.7	-10.1	-14.2	-2.3
ब्याज	32.9	11.5	32.1	3.8	2.7	16.9	-7.6
निवल लाभ	-38.9	-3.7	-17.5	@	-66.6	@	-27.6
अनुपात							
बिक्री के लिए परिचालन लाभ	21.7	21.0	19.7	17.7	16.4	15.6	16.5
बिक्री के लिए निवल लाभ	4.1	6.3	4.5	-18.9	1.7	-10.7	3.4
IT							
कंपनियों की संख्या	**188**	**177**	**187**	**181**	**180**	**175**	**171**
वर्ष -दर- वर्ष वृद्धि							
बिक्री	11.2	7.2	7.3	4.8	2.9	4.4	5.3
व्यय	11.8	8.2	7.8	4.7	4.2	4.5	5.7
परिचालन लाभ	10.1	2.2	6.0	4.4	-1.4	4.6	3.9
जीवीए	9.6	7.4	6.8	4.2	5.3	4.8	6.2
ब्याज	-11.0	-31.5	2.2	9.0	-12.1	-0.3	-35.0
निवल लाभ	7.5	4.8	9.8	2.2	9.3	5.8	17.4
अनुपात							
बिक्री के लिए परिचालन लाभ	25.7	25.8	26.0	24.9	24.7	25.8	25.7
बिक्री के लिए निवल लाभ	20.8	21.8	21.4	20.2	22.4	22.0	24.1

टिप्पणी: किसी भी अवधि की वृद्धि दर की गणना करते समय, वर्तमान और पिछली अवधि में समान कंपनियों को ध्यान में लिया गया है। जिस अनुपात का हर नगण्य है उसकी गिनती नहीं की जाती और उसे '@' द्वारा दर्शाया गया है।

सारणी 6: जोखिमयुक्त कर्ज - सूचीबद्ध एनजीएनएफ कंपनियाँ - उद्योगवार

	कुल कर्ज (₹ बिलियन)	आघात योग्य कंपनियों की संख्या	जोखिमयुक्त (₹ बिलियन)	जोखिमयुक्त कर्ज का हिस्सा (प्रतिशत	कुल कर्ज (₹ बिलियन)	आघात योग्य कंपनियों की संख्या	जोखिमयुक्त (₹ बिलियन)	जोखिमयुक्त कर्ज का हिस्सा (प्रतिशत	कुल कर्ज (₹ बिलियन)	आघात योग्य कंपनियों की संख्या	जोखिमयुक्त (₹ बिलियन)	जोखिमयुक्त कर्ज का हिस्सा (प्रतिशत
	टेक्सटाइल				दूरसंचार				निर्माण			
कंपनियों की संख्या	256				11				144			
अवधि	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
2014-15	728	52	187	25.7	782	4	141	18.0	1007	19	289	28.7
2015-16	824	53	360	43.7	1258	4	174	13.8	1092	25	357	32.7
2016-17	831	54	457	55.0	1566	5	724	46.2	1086	25	404	37.1

टिप्पणी: कुल कर्ज अल्पावधि और दीर्घावधि उधारियों का योग है।
कमजोर कंपनियों द्वारा धारित कर्ज को जोखिम वाले कर्ज के रूप में परिभाषित किया गया है।

के कार्य-निष्पादन में स्पष्ट अंतर पाया गया। यद्यपि, 2016-17 में ऋणग्रस्त विनिर्माण कंपनियों ने अपने कर्ज स्तर को कम किया, लेकिन अचल आस्तियों में निवेश (कैपेक्स), कर्ज की चुकौती (आईसीआर) एवं लाभप्रदता (आस्तियों पर प्रतिलाभ) के संदर्भ में उनका प्रदर्शन कमजोर था (चार्ट 5ए)।

दूसरी तरफ, ऋणग्रस्त इन्फ्रास्ट्रक्चर कंपनियों का कर्ज का स्तर बढ़ने की वजह से कर्ज की चुकौती एवं लाभप्रदता पर खराब असर पड़ा। इन्फ्रास्ट्रक्चर कंपनियों के लिए नए कर्ज जारी करना मुख्य रूप से आरंभ किए हुए कार्य की आंतरिक प्रतिलाभ दर (आईआरआर) द्वारा निर्धारित होती है (चार्ट 5बी)।

इस क्षेत्र में, लगातार क्षमता के कम उपयोग तथा समग्र डीलीवरेजिंग को देखते हुए सूचीबद्ध विनिर्माण कंपनियों ने अपने निवेशों का रुख अचल आस्तियों से अलग कर वित्तीय आस्तियों की ओर किया। इस परिप्रेक्ष्य में, इस भाग में 2015-16 और 2016-17 में इन कंपनियों के निवेश के स्वरूप का विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है, जिसे कर्ज की चुकौती (आईसीआर) एवं सीयू के अनुसार वर्गीकृत किया

चार्ट 5ए: 2016-17 में ऋण ग्रस्तता पर आधारित कार्य-निष्पादन - विनिर्माण



चार्ट 5बी: 2016-17 में ऋण ग्रस्तता पर आधारित कार्य-निष्पादन - इन्फ्रास्ट्रक्चर



टिप्पणी: कोष्ठकों में दिए गए आंकड़े प्रत्येक समूह में कंपनियों की संख्या को दर्शाते हैं। कुल कर्ज को दीर्घकालिक और अल्पकालिक उधार के जोड़ के रूप में परिभाषित किया गया है। कैपेक्स का हिसाब इस प्रकार किया जाता है [निवल अचल आस्तियां (चालू वर्ष) - निवल आस्तियां (गत वर्ष) + मूल्यह्रास (चालू वर्ष)]/ निवल अचल आस्तियां (गत वर्ष)।

चार्ट 6ए: वित्तीय दबावग्रस्त कंपनियाँ (2014-15 में आईसीआर<1)



टिप्पणी: वित्तीय निवेश, अचल आस्ति निवेश और जुटाए गए कुल उधारों की गणना पिछले तीन वर्षों यानि, 2014-15 से 2016-17 के दौरान 1,639 सामान्य विनिर्माण कंपनियों के निधियों के स्रोतों और उपयोगों से की जाती है। सीयू श्रेणियों में कंपनियों का वर्गीकरण एनआईसी (राष्ट्रीय औद्योगिक वर्गीकरण) भीतर सूचीबद्ध एनजीएनएफ कंपनियों के सीयू को टैग करने के लिए प्रॉक्सी के रूप में उपयोग किए गए सीयू श्रेणियों के साथ रिजर्व बैंक के आदेश बही, माल-सूची और क्षमता उपयोग सर्वेक्षण (ओबीआईसीयूएस) पर आधारित है जो 2014-15 आधार वर्ष में 2 अंकों के स्तर वाले उद्योग उच्च, मध्यम या निम्न के रूप में होंगे।

गया है। इस प्रकार, आधार वर्ष 2014-15 में, एनजीएनएफ सूचीबद्ध विनिर्माण कंपनियों को सीयू की तीन श्रेणियों (उच्च/मध्यम/निम्न) और कर्ज चुकौती (आईसीआर<1 या आईसीआर>=1) की दो श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है।

दबावग्रस्त कंपनियों (2014-15 में आईसीआर<1 वाली) ने अचल और वित्तीय आस्तियों में अपने निवेश को 2016-17 में बेच दिया; उनमें से, उच्चतर सीयू वाली कंपनियों ने अचल आस्तियों को बेचना बेहतर समझा जबकि निम्न सीयू वाली कंपनियों ने वित्तीय आस्तियों को बेचा (चार्ट 6ए)।

यह पाया गया कि आधार वर्ष अर्थात, 2014-15 में आईसीआर>=1 वाली कंपनियां 2016-17 में सभी सीयू श्रेणियों में अचल आस्तियों के बजाए वित्तीय आस्तियों में ज्यादा निवेश कर रही थीं, जो कि मध्यम सीयू कंपनियों से बिल्कुल अलग था। उच्च सीयू श्रेणी वाली कंपनियों ने भी विगत वर्ष की तुलना में वर्ष 2016-17 में अचल आस्तियों में अपने निवेश को कम कर दिया (चार्ट 6बी)।

चार्ट 6बी: अन्य कंपनियाँ (2014-15 में आईसीआर≥1)



टिप्पणी: वित्तीय निवेश, अचल आस्ति निवेश और जुटाए गए कुल उधारों की गणना पिछले तीन वर्षों यानि, 2014-15 से 2016-17 के दौरान 1,639 सामान्य विनिर्माण कंपनियों के निधियों के स्रोतों और उपयोगों से की जाती है। सीयू श्रेणियों में कंपनियों का वर्गीकरण एनआईसी (राष्ट्रीय औद्योगिक वर्गीकरण) भीतर सूचीबद्ध एनजीएनएफ कंपनियों के सीयू को टैग करने के लिए प्रॉक्सी के रूप में उपयोग किए गए सीयू श्रेणियों के साथ रिजर्व बैंक के आदेश बही, माल-सूची और क्षमता उपयोग सर्वेक्षण (ओबीआईसीयूएस) पर आधारित है जो 2014-15 आधार वर्ष में 2 अंकों के स्तर वाले उद्योग उच्च, मध्यम या निम्न के रूप में होंगे।

चार्ट 7: विनिर्माण सीआरएम वृद्धि, अंतरराष्ट्रीय और घरेलू औद्योगिक कच्चा माल मुद्रास्फीति



टिप्पणी: आईआरएम में प्राथमिक गैर-खाद्य वस्तुओं (फूलों की खेती को छोड़कर), खनिज, कोयले, विमानन टरबाइन ईंधन, उच्च गति डीजल, नेफ्था, बिटुमेन, फर्नेस तेल, ल्यूब तेल, खोई, कपड़े के सूत की तैयारी और कताई तथा डबल्यूपीआई से मूल धातुओं का विनिर्माण शामिल है। आईआरएम-वर्ल्ड बैंक का समग्र सूचकांक कृषि से संबंधित कच्चे माल एवं धातुओं और खनिजों के सूचकांक से लिया गया है।

4. विनिर्माण क्षेत्र के लिए कच्चे माल की लागत में संचलन

पिछली तिमाही में अधिकतम पर पहुँचने के बाद तिमाही1: 2017-18 में विनिर्माण क्षेत्र में कच्चे माल की लागत (सीआरएम) में वृद्धि जारी रही, जिससे इस क्षेत्र के सांकेतिक जीवीए और परिचालनगत लाभ कम हुए। विनिर्माण कंपनियों द्वारा वहन की गई इनपुट लागत के ति3: 2017-18 तक भी कम होने के आसार नहीं थे, जो घरेलू और अंतरराष्ट्रीय औद्योगिक कच्चे माल (आईआरएम) की स्फीति के मजबूत होने के अनुरूप था। (चार्ट 7)।

उद्योग में सीआरएम वृद्धि के पृथककरण से पता चलता है कि ति3: 2017-18 में इसका एक बड़ा हिस्सा मोटर वाहन, लोहा एवं इस्पात, और पेट्रोलियम उत्पाद उद्योगों से उत्पन्न हुआ है।

उत्पादन के लिए धातु और कच्चे पेट्रोलियम का आयात करने वाले उद्योगों की सीआरएम वृद्धि गतिविधि

चार्ट 8ए: पेट्रोलियम सीआरएम वृद्धि अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा सूचकांक मुद्रास्फीति



चार्ट 8बी: लौह एवं स्टील सीआरएम वृद्धि अंतरराष्ट्रीय धातु सूचकांक मुद्रास्फीति



अंतरराष्ट्रीय धातु और ऊर्जा सूचकांक मुद्रास्फीति के अनुसार ही चली (चार्ट 8ए एवं 8बी)।

5. निष्कर्ष

वर्ष 2016-17 में कॉर्पोरेट क्षेत्र की विक्रय संवृद्धि में आई बहाली मजबूत हुई और चालू वर्ष में अब तक जारी है। विनिर्माण क्षेत्र की सांकेतिक जीवीए वृद्धि इनपुट लागत दबाव के कारण ति1: 2017-18 में नकारात्मक हो गई थी और उत्पादन की स्थिर वृद्धि के कारण यह बहाल हुई। जहां विमुद्रीकरण से टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं और गैर-टिकाऊ वस्तुओं की मांग प्रभावित हुई, वहीं टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं की बिक्री अस्थायी गिरावट के बाद फिर से बहाल हो गई और गैर-टिकाऊ उपभोक्ता कंपनियों की सेहत में सुधार के कोई संकेत नहीं थे। विनिर्माण क्षेत्र में क्षमता के कम उपयोग के कारण काफी डीलीवरेजिंग हुई और अचल आस्तियों में निवेश कम हुआ, क्योंकि कंपनियों ने वित्तीय और चलनिधि आस्तियों में निवेश को तरजीह दी। अत्यधिक कर्ज में डूबी विनिर्माण कंपनियों द्वारा डीलीवरेज किए जाने का रूपान्तरण आगामी वर्षों में इस क्षेत्र की बेहतर जोखिम प्रोफाइल में होना चाहिए। तथापि, स्वस्थ कंपनियों द्वारा अचल आस्तियों के बजाए अन्य निवेश चैनलों को तरजीह दिया जाना शायद अर्थव्यवस्था में लेनदेन लागत के उद्देश्य और उधार की कम मांग की ओर संकेत करते हैं। सूचीबद्ध विनिर्माण कंपनियों ने छमाही1: 2017-18 में मौजूदा आस्तियों को कम कर दिया है और दीर्घकालिक निवेश को बढ़ा दिया है, जो संभवतः पूंजीगत व्यय चक्र में बहाली की ओर संकेत कर रहा है। आने वाली तिमाहियों में निजी कॉर्पोरेट क्षेत्र के प्रदर्शन के लिए मांग परिदृश्य में और सुधार महत्वपूर्ण होगा क्योंकि इनपुट लागत दबावों से राहत के कोई संकेत नहीं हैं।

संदर्भ

1. Banca d'Italia (2017), *Financial Stability Report*, November.

2. Deutsche Bundesbank (2017), *Corporate Financial Statements*.

3. International Monetary Fund (2017), *Global Financial Stability Report*, April.

4. Reserve Bank of Australia (2017), *Conditions in China's Listed Corporate Sector*, Bulletin June.

5. Reserve Bank of India (2011), *Compendium on Private Corporate Business Sector in India - Select Financial Statistics*, 1950-51 to 2008-09.

6. Securities and Exchange Board of India (2016), *Revised Formats for Financial Results and Implementation of Ind-AS by Listed Entities*.

वर्तमान सांख्यिकी

चुनिंदा आर्थिक संकेतक

भारतीय रिज़र्व बैंक

मुद्रा और बैंकिंग

मूल्य और उत्पादन

सरकारी खाते और खज़ाना बिल

वित्तीय बाजार

बाह्य क्षेत्र

भुगतान और निपटान प्रणालियाँ

अवसरिक श्रृंखलाएं

विषयवस्तु

संख्या	शीर्षक	पृष्ठ
1	चुनिंदा आर्थिक संकेतक	29
	भारतीय रिज़र्व बैंक	
2	भारतीय रिज़र्व बैंक - देयताएं और आस्तियां	30
3	भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा चलनिधि परिचालन	31
4	भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा अमेरिकी डालर का क्रय/विक्रय	32
4ए	भारतीय रिज़र्व बैंक में बकाया वायदे का (अवशिष्ट परिपक्वता के अनुसार) परिपक्वता विश्लेषण (मिलियन अमेरिकी डॉलर)	33
5	भारतीय रिज़र्व बैंक की स्थायी सुविधाएं	33
	मुद्रा और बैंकिंग	
6	मुद्रा स्टॉक मात्रा	34
7	मुद्रा स्टॉक (एम$_3$) के स्रोत	35
8	मौद्रिक सर्वेक्षण	36
9	कुल चलनिधि राशियां	36
10	भारतीय रिज़र्व बैंक सर्वेक्षण	37
11	आरक्षित मुद्रा- घटक और स्रोत	37
12	वाणिज्यिक बैंक सर्वेक्षण	38
13	अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के निवेश	38
14	भारत में कारोबार - सभी अनुसूचित बैंक और सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक	39
15	प्रमुख क्षेत्रों द्वारा सकल बैंक ऋण का विनियोजन	40
16	सकल बैंक ऋण का उद्योग-वार विनियोजन	41
17	भारतीय रिज़र्व बैंक में खाते रखने वाले राज्य सहकारी बैंक	42
	मूल्य और उत्पादन	
18	उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (आधारः 2012=100)	43
19	अन्य उपभोक्ता मूल्य सूचकांक	43
20	मुंबई में सोने और चांदी का मासिक औसत मूल्य	43
21	थोक मूल्य सूचकांक	44
22	औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आधारः 2011-12=100)	47
	सरकारी खाते और खज़ाना बिल	
23	केन्द्र सरकार के खाते - एक नज़र में	47
24	खज़ाना बिल - स्वामित्व का स्वरूप	48
25	खज़ाना बिलों की नीलामी	48
	वित्तीय बाजार	
26	दैनिक मांग मुद्रा दरें	49
27	जमाराशि प्रमाण-पत्र	50
28	वाणिज्यिक पत्र	50
29	चुनिंदा वित्तीय बाजारों में औसत दैनिक टर्नओवर	50
30	गैर-सरकारी पब्लिक लिमिटेड कंपनियों के नए पूंजी निर्गम	51

संख्या	शीर्षक	पृष्ठ
	बाह्य क्षेत्र	
31	विदेशी व्यापार	52
32	विदेशी मुद्रा भंडार	52
33	अनिवासी भारतीयों की जमाराशियां	52
34	विदेशी निवेश अंतर्वाह	53
35	निवासी भारतीयों के लिए उदारीकृत विप्रेषण योजना के अंतर्गत जावक विप्रेषण	53
36	भारतीय रुपये का वास्तविक प्रभावी विनिमय दर (आरईईआर) और सांकेतिक प्रभावी विनिमय दर (एनईईआर) सूचकांक	54
37	बाह्य वाणिज्यिक उधार	54
38	भारत का समग्र भुगतान संतुलन (मिलियन अमेरिकी डॉलर)	55
39	भारत का समग्र भुगतान संतुलन (बिलियन ₹)	56
40	बीपीएम 6 के अनुसार भारत में भुगतान संतुलन का मानक प्रस्तुतीकरण (मिलियन अमेरिकी डॉलर में)	57
41	बीपीएम 6 के अनुसार भारत में भुगतान संतुलन का मानक प्रस्तुतीकरण (बिलियन ₹ में)	58
42	अंतरराष्ट्रीय निवेश स्थिति	59
भुगतान और निपटान प्रणालियाँ		
43	भुगतान प्रणाली संकेतक	60
अवसरिक श्रृंखलाएं		
44	लघु बचत	61
45	केंद्र और राज्य सरकारों की प्रतिभूतियों के स्वामित्व का स्वरूप	62
46	केन्द्र और राज्य सरकारों की संयुक्त प्राप्तियां और संवितरण	63
47	विभिन्न सुविधाओं के अंतर्गत राज्य सरकारों द्वारा ली गई वित्तीय सहायता	64
48	राज्य सरकारों द्वारा किए गए निवेश	65
49	राज्य सरकारों की बाज़ार उधारियां	66

टिप्पणियां: .. = उपलब्ध नहीं।
– = शून्य/नगण्य
प्रा/अ = प्रारंभिक/अनंतिम आंसं = आंशिक रूप से संशोधित

सं. 1: चुनिंदा आर्थिक संकेतक

मद	2017-18	2016-17		2017-18	
		ति3	ति4	ति3	ति4
	1	2	3	4	5
1 वस्तु क्षेत्र (% परिवर्तन)					
1.1 आधार मूल्यों पर जीवीए	6.5	6.9	6.0	6.6	7.6
1.1.1 कृषि	3.4	7.5	7.1	3.1	4.5
1.1.2 उद्योग	5.5	8.8	8.1	7.3	8.0
1.1.3 सेवाएं	7.6	6.0	4.9	7.5	8.2
1.1क अंतिम खपत व्यय	7.2	9.7	6.4	6.0	8.1
1.1ख सकल नियत पूंजी निर्माण	7.6	8.7	6.0	9.1	14.4
	2017-18	**2017**		**2018**	
		मार्च	**अप्रैल**	**मार्च**	**अप्रैल**
	1	2	3	4	5
1.2 औद्योगिक उत्पादन सूचकांक	4.3	4.4	3.2	4.4	-
2 मुद्रा और बैंकिंग (% परिवर्तन)					
2.1 अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक					
2.1.1 जमाराशियां	6.2	11.3	10.9	6.2	8.2
2.1.2 ऋण	10.0	4.5	4.8	10.0	12.6
2.1.2.1 गैर-खाद्यान्न ऋण	10.2	5.2	5.6	10.2	12.7
2.1.3 सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश	9.5	17.4	18.2	9.5	5.9
2.2 मुद्रा स्टॉक मात्रा					
2.2.1 आरक्षित मुद्रा (एम0)	27.4	-12.9	-10.6	27.4	27.0
2.2.2 स्थूल मुद्रा (एम3)	9.6	10.6	7.1	9.6	10.6
3 अनुपात (%)					
3.1 आरक्षित नकदी निधि अनुपात	4.00	4.00	4.00	4.00	4.00
3.2 सांविधिक चलनिधि अनुपात	19.50	20.50	20.50	19.50	19.50
3.3 नकदी-जमा अनुपात	5.1	5.3	4.8	5.1	5.1
3.4 ऋण-जमा अनुपात	75.5	72.9	71.8	75.5	74.7
3.5 वृद्धिशील ऋण-जमा अनुपात	117.3	41.4	**	117.3	**
3.6 निवेश-जमा अनुपात	29.0	28.2	30.1	29.0	29.5
3.7 वृद्धिशील निवेश-जमा अनुपात	43.0	28.4	*	43.0	*
4 ब्याज दरें (%)					
4.1 नीति रिपो दर	6.00	6.25	6.25	6.00	6.00
4.2 रिवर्स रिपो दर	5.75	5.75	6.00	5.75	5.75
4.3 सीमांत स्थायी सुविधा दर	6.25	6.75	6.50	6.25	6.25
4.4 बैंक दर	6.25	6.75	6.50	6.25	6.25
4.5 आधार दर	8.65/9.45	9.25/9.60	9.10/9.60	8.65/9.45	8.70/9.45
4.6 एमसीएलआर (एक दिन के लिए)	7.80/7.95	7.75/8.20	7.75/8.20	7.80/7.95	7.80/7.95
4.7 एक वर्ष से अधिक की मीयादी जमा दर	6.25/6.75	6.50/7.00	6.50/7.00	6.25/6.75	6.25/6.75
4.8 बचत जमा दर	3.50/4.00	4.00	4.00	3.50/4.00	3.50/4.00
4.9 मांग मुद्रा दर (भारित औसत)	5.94	5.97	6.00	6.15	5.92
4.10 91-दिवसीय खज़ाना बिल (प्राथमिक) आय	6.11	5.82	6.19	6.11	6.19
4.11 182-दिवसीय खज़ाना बिल (प्राथमिक) आय	6.33	6.05	6.31	6.33	6.42
4.12 364-दिवसीय खज़ाना बिल (प्राथमिक) आय	6.49	6.14	6.45	6.49	6.63
4.13 10-वर्षीय सरकारी प्रतिभूतियों पर आय (एफबीआईएल)	7.42	7.08	7.20	7.42	7.80
5 आरबीआई संदर्भ दर और फारवर्ड प्रीमिआ					
5.1 भा.रु.-अमेरिकी डालर हाजिर दर (₹ प्रति विदेशी मुद्रा)	65.04	64.84	64.22	65.04	66.78
5.2 भा.रु.-यूरो हाजिर दर (₹ प्रति विदेशी मुद्रा)	80.62	69.25	69.88	80.62	80.74
5.3 फारवर्ड प्रीमिआ अमेरिकी डालर 1-माह (%)	4.61	5.09	5.61	4.61	4.22
3-माह (%)	4.37	4.97	5.23	4.37	3.89
6-माह (%)	4.21	4.90	5.15	4.21	3.97
6 मुद्रास्फीति (%)					
6.1 अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक	3.6	3.9	3.0	4.3	4.6
6.2 औद्योगिक कामगारों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक	3.1	2.6	2.2	4.4	4.0
6.3 थोक मूल्य सूचकांक	2.8	5.1	3.9	2.5	3.2
6.3.1 प्राथमिक वस्तुएं	1.4	3.3	1.4	0.2	1.4
6.3.2 ईंधन और पावर	7.9	22.4	17.8	4.7	7.9
6.3.3 विनिर्मित उत्पाद	2.6	3.2	2.9	3.0	3.1
7 विदेशी व्यापार (% परिवर्तन)					
7.1 आयात	20.2	46.3	47.5	7.1	4.6
7.2 निर्यात	9.4	27.9	18.1	-0.7	5.2

** हर और अंश नकारात्मक है।
* हर नकारात्मक है।

भारतीय रिज़र्व बैंक

सं. 2: भारतीय रिज़र्व बैंक - देयताएं और आस्तियां*

(बिलियन ₹)

मद	अंतिम शुक्रवार/शुक्रवार की स्थिति						
	2017-18	2017	2018				
		मई	अप्रैल 27	मई 4	मई 11	मई 28	मई 25
	1	2	3	4	5	6	7
1 निर्गम विभाग							
1.1 देयताएं							
1.1.1 संचलन में नोट	18,044.21	14,627.57	18,779.71	18,892.52	19,069.29	19,098.45	19,050.56
1.1.2 बैंकिंग विभाग में रखे गए नोट	0.15	0.18	0.12	0.12	0.12	0.13	0.13
1.1/1.2 कुल देयताएं (जारी किए गए कुल नोट) या आस्तियां	**18,044.35**	**14,627.75**	**18,779.84**	**18,892.64**	**19,069.41**	**19,098.57**	**19,050.69**
1.2 आस्तियां							
1.2.1 सोने के सिक्के और बुलियन	733.81	687.79	729.00	753.79	753.79	753.79	753.79
1.2.2 विदेशी प्रतिभूतियां	17,303.70	13,933.04	18,044.31	18,132.37	18,309.22	18,335.45	18,287.61
1.2.3 रुपया सिक्का	6.83	6.93	6.52	6.48	6.40	9.33	9.29
1.2.4 भारत सरकार की रुपया प्रतिभूतियां	–	–	–	–	–	–	–
2 बैंकिंग विभाग							
2.1 देयताएं							
2.1.1 जमाराशियां	9,854.75	9,312.46	6,496.95	6,233.17	6,045.77	6,253.59	6,106.02
2.1.1.1 केंद्र सरकार	68.08	1.00	1.01	1.01	1.00	1.00	1.00
2.1.1.2 बाजार स्थिरीकरण योजना	–	946.73	–	–	–	–	–
2.1.1.3 राज्य सरकारें	6.51	0.42	0.43	0.42	0.42	0.42	0.43
2.1.1.4 अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक	5,256.86	4,329.50	4,900.62	4,718.50	4,568.88	4,921.30	4,708.54
2.1.1.5 अनुसूचित राज्य सहकारी बैंक	48.28	38.26	42.50	35.78	37.01	36.58	37.30
2.1.1.6 गैर-अनुसूचित राज्य सहकारी बैंक	25.49	16.91	20.63	20.05	20.11	20.14	19.44
2.1.1.7 अन्य बैंक	305.66	253.53	281.01	269.73	270.92	270.92	268.19
2.1.1.8 अन्य	4,143.89	3,726.10	1,250.76	1,187.67	1,147.42	1,003.22	1,071.12
2.1.1.9 भारत के बाहर के वित्तीय संस्थान	–	–	–	–	–	–	–
2.1.2 अन्य देयताएं	9,141.27	8,565.84	9,801.78	9,642.13	9,856.78	10,096.33	10,170.51
2.1/2.2 कुल देयताएं या आस्तियां	**18,996.03**	**17,878.30**	**16,298.72**	**15,875.30**	**15,902.55**	**16,349.92**	**16,276.53**
2.2 आस्तियां							
2.2.1 नोट और सिक्के	0.15	0.18	0.12	0.12	0.12	0.13	0.13
2.2.2 विदेश में रखे शेष	8,887.95	9,200.77	8,584.90	8,387.44	8,311.13	8,395.45	8,409.65
2.2.3 ऋण और अग्रिम							
2.2.3.1 केन्द्र सरकार	–	348.55	–	–	–	–	–
2.2.3.2 राज्य सरकारें	7.39	10.16	–	3.70	25.83	41.45	13.11
2.2.3.3 अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक	2,739.78	22.85	475.76	326.47	402.37	644.52	581.79
2.2.3.4 अनुसूचित राज्य सहकारी बैंक	0.35	0.35	–	–	–	–	–
2.2.3.5 भारतीय औद्योगिक विकास बैंक	–	–	–	–	–	–	–
2.2.3.6 नाबार्ड	–	–	–	–	–	–	–
2.2.3.7 एक्ज़िम बैंक	–	–	–	–	–	–	–
2.2.3.8 अन्य	106.75	33.41	58.97	61.71	61.54	61.83	60.98
2.2.3.9 भारत के बाहर की वित्तीय संस्थाएं	–	–	–	–	–	–	–
2.2.4 खरीदे और भुनाए गए बिल							
2.2.4.1 आंतरिक	–	–	–	–	–	–	–
2.2.4.2 सरकारी खज़ाना बिल	–	–	–	–	–	–	–
2.2.5 निवेश	6,369.76	7,482.73	6,290.30	6,183.70	6,184.44	6,286.62	6,287.22
2.2.6 अन्य आस्तियां	883.90	779.30	888.68	912.16	917.12	919.93	923.66
2.2.6.1 सोना	673.37	624.73	670.18	692.76	694.51	695.39	695.39

*डाटा अनंतिम है।

सं. 3: भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा चलनिधि परिचालन

(बिलियन ₹)

दिनांक	चलनिधि समायोजन सुविधा				एमएसएफ	स्थायी चलनिधि सुविधाएं	बाज़ार स्थिरीकरण योजना	ओएमओ (एकमुश्त)		निवल अंतर्वेशन (+)/ अवशोषण (-) (1+3+5+6+9-2-4-7-8)
	रिपो	रिवर्स रिपो	परिवर्तन-शील रिपो दर	परिवर्तन-शील रिवर्स रिपो दर				विक्रय	क्रय	
	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
अप्रैल 2, 2018	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–
अप्रैल 3, 2018	34.30	568.40	144.50	1,863.66	37.65	–3.19	–	–	–	–2,218.80
अप्रैल 4, 2018	36.10	936.02	–	373.23	8.00	–	–	–	–	–1,265.15
अप्रैल 5, 2018	37.50	510.39	–	400.22	–	–	–	–	–	–873.11
अप्रैल 6, 2018	36.23	344.85	45.75	354.90	13.00	–	–	–	–	–604.77
अप्रैल 7, 2018	2.40	164.36	–	–	11.65	–	–	–	–	–150.31
अप्रैल 9, 2018	35.35	224.67	–	52.12	16.00	–	–	–	–	–225.44
अप्रैल 10, 2018	64.75	157.31	25.50	171.58	6.00	–2.07	–	–	–	–234.71
अप्रैल 11, 2018	38.10	396.04	–	266.18	0.01	–	–	–	–	–624.11
अप्रैल 12, 2018	27.60	518.60	–	318.30	–	–	–	–	–	–809.30
अप्रैल 13, 2018	45.85	325.99	69.18	205.05	13.80	–	–	–	–	–402.21
अप्रैल 16, 2018	86.10	123.69	–	13.33	6.00	–1.95	–	–	–	–46.87
अप्रैल 17, 2018	37.05	88.59	41.00	153.90	3.50	0.15	–	–	–	–160.79
अप्रैल 18, 2018	36.35	54.97	–	382.81	0.35	1.80	–	–	–	–399.28
अप्रैल 19, 2018	103.35	45.91	–	140.00	4.76	–	–	–	–	–77.80
अप्रैल 20, 2018	172.82	32.62	42.50	–	3.00	3.15	–	–	–	188.85
अप्रैल 21, 2018	27.15	51.71	–	–	5.50	–	–	–	–	–19.06
अप्रैल 23, 2018	120.10	95.32	200.02	–	0.90	–	–	–	–	225.70
अप्रैल 24, 2018	110.95	152.73	421.79	–	–	–1.10	–	–	–	378.91
अप्रैल 25, 2018	90.20	170.40	–	–	1.30	1.35	–	–	–	–77.55
अप्रैल 26, 2018	122.90	149.65	–	400.05	–	–	–	–	–	–426.80
अप्रैल 27, 2018	189.26	248.20	85.50	73.90	31.15	–	–	–	–	–16.19
अप्रैल 30, 2018	–	73.25	–	–	38.62	–	–	–	–	–34.63

सं. 4ः भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा अमेरिकी डालर का क्रय-विक्रय

i) ओटीसी सेगमेन्ट में परिचालन

मद	2017-18	2017	2018	
		अप्रैल	मार्च	अप्रैल
	1	2	3	4
1 विदेशी मुद्रा का निवल क्रय/विक्रय (मिलियन अमेरिकी डालर) (1.1-1.2)	33,689.00	566.00	996.00	–2,483.00
1.1 क्रय (+)	52,068.00	1,751.00	3,328.00	5,536.00
1.2 विक्रय (-)	18,379.00	1,185.00	2,332.00	8,019.00
2 संविदा दर पर ₹ के बराबर (बिलियन ₹)	2,228.28	38.07	71.10	–160.00
3 संचयी (मार्च के अंत से) (मिलियन अमेरिकी डालर)	–	566.00	33,689.00	–2,483.00
(बिलियन ₹)	–	38.07	2,228.27	–160.00
4 माह के अंत में बकाया निवल वायदा विक्रय (-)/क्रय (+) (मिलियन अमेरिकी डालर)	20,853.00	13,553.00	20,853.00	17,393.00

ii) मुद्रा फ्यूचर्स सेगमेन्ट में परिचालन

मद	2017-18	2017	2018	
		अप्रैल	मार्च	अप्रैल
	1	2	3	4
1 विदेशी मुद्रा का निवल क्रय/विक्रय (मिलियन अमेरिकी डालर) (1.1-1.2)	0.00	0.00	0.00	0.00
1.1 क्रय (+)	3,935.00	0.00	1,005.00	1,890.00
1.2 विक्रय (-)	3,935.00	0.00	1,005.00	1,890.00
2 माह के अंत में बकाया निवल मुद्रा वायदा विक्रय (-)/क्रय (+) (मिलियन अमेरिकी डालर)	0.00	0.00	0.00	–845.00

सं. 4ए: भारतीय रिज़र्व बैंक में बकाया वायदे का (अवशिष्ट परिपक्वता के अनुसार) परिपक्वता विश्लेषण (मिलियन अमेरिकी डॉलर)

मद	30 अप्रैल 2018 तक		
	दीर्घ (+)	अल्प (-)	निवल (1-2)
	1	2	3
1. 1 माह तक	4,101	1,616	2,458
2. 1 माह से अधिक और 3 माह तक	8,149	1,877	6,272
3. 3 माह से अधिक और 1 वर्ष तक	10,369	2,133	8,236
4. 1 वर्ष से अधिक	400	0	400
कुल (1+2+3+4)	**23,019**	**5,626**	**17,393**

सं. 5: भारतीय रिज़र्व बैंक की स्थायी सुविधाएं

(बिलियन ₹)

मद	नियत अंतिम शुक्रवार की स्थिति							
	2017-18	2017		2018				
		मई 26	दिसं. 22	जन. 19	फर. 16	मार्च 30	अप्रैल 27	मई 25
	1	2	3	4	5	6	7	8
1 सीमांत स्थायी सुविधा	–	0.4	4.9	–	4.5	–	31.2	–
2 अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के लिए निर्यात ऋण पुर्नवित्त								
2.1 सीमा	–	–	–	–	–	–	–	–
2.2 बकाया	–	–	–	–	–	–	–	–
3 प्राथमिक व्यापारियों के लिए चलनिधि सुविधा								
3.1 सीमा	28.0	28.0	28.0	28.0	28.0	28.0	28.0	28.0
3.2 बकाया	25.4	17.8	20.8	9.8	12.0	25.4	23.5	23.3
4 अन्य								
4.1 सीमा	–	–	–	–	–	–	–	–
4.2 बकाया	–	–	–	–	–	–	–	–
5 कुल बकाया (1+2.2+3.2+4.2)	25.4	18.2	25.6	9.8	16.6	25.4	54.7	23.3

मुद्रा और बैंकिंग

सं. 6: मुद्रा स्टॉक मात्रा

(बिलियन ₹)

मद	मार्च 31 /माह के नियत अंतिम शुक्रवार/नियत शुक्रवार की बकाया स्थिति				
	2017-18	2017	2018		
		अप्रैल 28	मार्च 30	अप्रैल 13	अप्रैल 27
	1	2	3	4	5
1 जनता के पास मुद्रा (1.1 + 1.2 + 1.3 - 1.4)	17,593.0	13,621.9	17,600.2	18,087.6	18,244.7
1.1 संचलन में नोट	18,037.0	14,069.5	18,044.2	18,476.0	18,779.7
1.2 रुपये सिक्के का संचलन	249.1	244.2	249.1	249.1	249.1
1.3 छोटे सिक्कों का संचलन	7.4	7.4	7.4	7.4	7.4
1.4 बैंकों के पास नकदी	700.5	699.2	700.5	644.9	791.5
2 जनता की जमाराशियां	15,160.9	12,487.3	15,187.9	13,271.3	13,613.9
2.1 बैंकों के पास मांग जमाराशियां	14,921.8	12,310.7	14,921.8	13,043.9	13,393.8
2.2 रिजर्व बैंक के पास 'अन्य' जमाराशियां	239.1	176.6	266.0	227.5	220.1
3 एम$_1$ (1+2)	**32,753.9**	**26,109.3**	**32,788.1**	**31,359.0**	**31,858.6**
4 डाकघर बचत बैंक जमाराशियां	1,028.0	931.3	1,028.0	1,028.0	1,028.0
5 एम$_2$ (3+4)	**33,781.8**	**27,040.5**	**33,816.0**	**32,386.9**	**32,886.6**
6 बैंकों के पास मीयादी जमाराशियां	107,360.2	100,729.5	107,360.2	108,283.1	108,452.8
7 एम$_3$ (3+6)	**140,114.1**	**126,838.8**	**140,148.3**	**139,642.1**	**140,311.4**
8 कुल डाकघर जमाराशियां	2,881.4	2,586.2	2,881.4	2,881.4	2,881.4
9 एम$_4$ (7+8)	**142,995.5**	**129,425.0**	**143,029.7**	**142,523.4**	**143,192.8**

सं. 7: मुद्रा स्टॉक (एम$_3$) का स्रोत

(बिलियन ₹)

स्रोत	मार्च 31 /माह के लिए नियत अंतिम शुक्रवार/ नियत शुक्रवार की स्थिति के अनुसार बकाया				
	2017-18	2017	2018		
		अप्रैल 28	मार्च 30	अप्रैल 13	अप्रैल 27
	1	2	3	4	5
1 सरकार को निवल बैंक ऋण	**40,147.3**	**41,076.0**	**40,043.1**	**42,209.0**	**41,765.8**
1.1 आरबीआई का सरकार को निवल ऋण (1.1.1-1.1.2)	4,759.6	7,196.3	4,655.5	6,182.3	6,001.3
1.1.1 सरकार पर दावे	6,435.6	7,670.8	6,350.3	6,270.2	6,263.1
1.1.1.1 केन्द्र सरकार	6,418.4	7,662.6	6,342.9	6,262.4	6,263.1
1.1.1.2 राज्य सरकारें	17.2	8.3	7.4	7.8	0.0
1.1.2 आरबीआई के पास सरकार की जमाराशियां	1,676.0	474.5	1,694.8	87.9	261.8
1.1.2.1 केन्द्र सरकार	1,675.6	474.1	1,688.3	87.5	261.4
1.1.2.2 राज्य सरकारें	0.4	0.4	6.5	0.4	0.4
1.2 सरकार को अन्य बैंक ऋण	35,387.6	33,879.7	35,387.6	36,026.7	35,764.4
2 वाणिज्यिक क्षेत्र को बैंक ऋण	**92,389.0**	**81,481.6**	**92,389.0**	**90,614.4**	**91,199.1**
2.1 आरबीआई का वाणिज्यिक क्षेत्र को ऋण	140.3	53.7	140.3	88.0	92.5
2.2 वाणिज्यिक क्षेत्र को अन्य बैंकों द्वारा दिया गया ऋण	92,248.8	81,427.8	92,248.8	90,526.4	91,106.6
2.2.1 वाणिज्यिक बैंकों द्वारा बैंक ऋण	86,506.8	75,823.9	86,506.8	84,762.8	85,343.5
2.2.2 सहकारी बैंकों द्वारा बैंक ऋण	5,666.0	5,518.1	5,666.0	5,680.1	5,680.4
2.2.3 वाणिज्यिक और सहकारी बैंकों द्वारा अन्य प्रतिभूतियों में निवेश	76.0	85.9	76.0	83.4	82.8
3 बैंकिंग क्षेत्र की निवल विदेशी मुद्रा आस्तियां (3.1 + 3.2)	**28,946.2**	**25,543.0**	**28,935.1**	**29,118.0**	**29,364.7**
3.1 आरबीआई की निवल विदेशी मुद्रा आस्तियां (3.1.1-3.1.2)	27,607.8	23,932.7	27,596.8	27,779.6	28,026.3
3.1.1 सकल विदेशी आस्तियां	27,609.9	23,934.6	27,598.8	27,781.7	28,028.4
3.1.2 विदेशी देयताएं	2.1	1.9	2.1	2.1	2.1
3.2 अन्य बैंकों की निवल विदेशी मुद्रा आस्तियां	1,338.4	1,610.2	1,338.4	1,338.4	1,338.4
4 जनता के प्रति सरकार की मुद्रा देयताएं	**256.5**	**251.6**	**256.5**	**256.5**	**256.5**
5 बैंकिंग क्षेत्र की निवल गैर-मौद्रिक देयताएं	**21,624.9**	**21,513.4**	**21,475.5**	**22,555.8**	**22,274.7**
5.1 आरबीआई की निवल गैर-मौद्रिक देयताएं	9,069.9	8,228.9	8,982.0	9,243.5	9,629.2
5.2 अन्य बैंकों की निवल गैर-मौद्रिक देयताएं (अवशिष्ट)	12,555.0	13,284.5	12,493.5	13,312.3	12,645.5
एम$_3$ (1+2+3+4-5)	**140,114.1**	**126,838.8**	**140,148.3**	**139,642.1**	**140,311.4**

सं. 8: मौद्रिक सर्वेक्षण

(बिलियन ₹)

मद	मार्च 31/माह के लिए नियत अंतिम शुक्रवार/ नियत शुक्रवार की स्थिति के अनुसार बकाया				
	2017-18	2017	2018		
		अप्रैल 28	मार्च 30	अप्रैल 13	अप्रैल 27
	1	2	3	4	5
मौद्रिक समुच्चय					
एन एम$_1$ (1.1 + 1.2.1+1.3)	32,753.9	26,109.3	32,788.1	31,359.0	31,858.6
एन एम$_2$ (एन एम$_1$ + 1.2.2.1)	80,406.1	70,825.2	80,440.3	79,421.8	79,987.8
एन एम$_3$ (एन एम$_2$ + 1.2.2.2 + 1.4 = 2.1 + 2.2 + 2.3 - 2.4 - 2.5)	142,301.6	128,462.9	142,335.8	141,701.5	142,357.8
1 घटक					
1.1 जनता के पास मुद्रा	17,593.0	13,621.9	17,600.2	18,087.6	18,244.7
1.2. निवासियों की कुल जमाराशियां	120,815.7	111,679.5	120,815.7	119,850.1	120,347.7
1.2.1 मांग जमाराशियां	14,921.8	12,310.7	14,921.8	13,043.9	13,393.8
1.2.2 निवासियों की सावधि जमाराशियां	105,893.9	99,368.8	105,893.9	106,806.2	106,953.9
1.2.2.1 अल्पावधि सावधि जमाराशियां	47,652.3	44,716.0	47,652.3	48,062.8	48,129.2
1.2.2.1.1 जमा प्रमाण-पत्र	1,931.1	1,779.8	1,931.1	2,153.1	2,160.4
1.2.2.2 दीर्घावधि सावधि जमाराशियां	58,241.6	54,652.8	58,241.6	58,743.4	58,824.6
1.3 भा.रि.बैं. के पास 'अन्य' जमाराशियां	239.1	176.6	266.0	227.5	220.1
1.4 वित्तीय संस्थाओं से मांग/सावधि निधीयन	3,653.8	2,984.8	3,653.8	3,536.4	3,545.3
2 स्रोत					
2.1 देशी ऋण	140,326.5	129,351.6	140,222.3	141,111.4	141,366.3
2.1.1 सरकार को निवल बैंक ऋण	40,147.3	41,076.0	40,043.1	42,209.0	41,765.8
2.1.1.1 सरकार को निवल भा.रि.बैं. ऋण	4,759.6	7,196.3	4,655.5	6,182.3	6,001.3
2.1.1.2 बैंकिंग प्रणाली द्वारा सरकार को ऋण	35,387.6	33,879.7	35,387.6	36,026.7	35,764.4
2.1.2 वाणिज्यिक क्षेत्र को बैंक ऋण	100,179.2	88,275.6	100,179.2	98,902.4	99,600.5
2.1.2.1 वाणिज्यिक क्षेत्र को भा.रि.बैंक ऋण	140.3	53.7	140.3	88.0	92.5
2.1.2.2 बैंकिंग प्रणाली द्वारा वाणिज्यिक क्षेत्र को ऋण	100,039.0	88,221.9	100,039.0	98,814.3	99,508.1
2.1.2.2.1 अन्य निवेश (गैर-एसएलआर प्रतिभूतियां)	7,728.5	6,718.9	7,728.5	8,206.9	8,314.5
2.2 जनता के प्रति सरकार की मुद्रा देयताएं	256.5	251.6	256.5	256.5	256.5
2.3 बैंकिंग क्षेत्र की निवल विदेशी मुद्रा आस्तियां	26,931.6	23,605.0	26,920.6	26,771.7	26,837.2
2.3.1 भा.रि.बैं. की निवल विदेशी मुद्रा आस्तियां	27,607.8	23,932.7	27,596.8	27,779.6	28,026.3
2.3.2 बैंकिंग प्रणाली की निवल विदेशी मुद्रा आस्तियां	–676.2	–327.8	–676.2	–1,007.9	–1,189.1
2.4 पूंजी खाता	20,705.2	18,292.0	20,717.1	21,051.5	21,697.9
2.5 अन्य मदें (निवल)	4,507.8	6,453.4	4,346.5	5,386.6	4,404.3

सं. 9: कुल चलनिधि राशियां

(बिलियन ₹)

समुच्चय	2017-18	2017	2018		
		अप्रैल	फर.	मार्च	अप्रैल
	1	2	3	4	5
1 एन एम$_3$	**142,301.6**	**128,462.9**	**137,456.3**	**142,301.6**	**142,357.8**
2 डाकघर जमाराशियां	2,881.4	2,586.2	2,881.4	2,881.4	2,881.4
3 एल$_1$ (1 + 2)	**145,183.0**	**131,049.1**	**140,337.7**	**145,183.0**	**145,239.2**
4 वित्तीय संस्थाओं की देयताएं	29.3	29.3	29.3	29.3	29.3
4.1 सावधि मुद्रा उधार	26.6	26.6	26.6	26.6	26.6
4.2 जमा प्रमाण-पत्र	0.3	0.3	0.3	0.3	0.3
4.3 सावधि जमाराशियां	2.5	2.5	2.5	2.5	2.5
5 एल$_2$ (3 + 4)	**145,212.3**	**131,078.4**	**140,367.1**	**145,212.3**	**145,268.5**
6 गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के पास जनता की जमाराशियां	313.6	..	..	313.6	..
7 एल$_3$ (5 + 6)	**145,525.9**	..	..	**145,525.9**	..

सं. 10: भारतीय रिज़र्व बैंक सर्वेक्षण

(बिलियन ₹))

मद	मार्च 31/माह के लिए नियत अंतिम शुक्रवार/ नियत शुक्रवार की स्थिति के अनुसार बकाया				
	2017-18	2017	2018		
		अप्रैल 28	मार्च 30	अप्रैल 13	अप्रैल 27
	1	2	3	4	5
1 घटक					
1.1 संचलन में मुद्रा	18,293.5	14,321.1	18,300.7	18,732.5	19,036.2
1.2 भा.रि.बैं. के पास बैंकरों की जमाराशियां	5,655.3	4,793.6	5,636.3	4,861.0	5,244.8
1.2.1 अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक	5,269.1	4,482.1	5,256.9	4,533.6	4,900.6
1.3 भा.रि.बैं. के पास 'अन्य' जमाराशियां	239.1	176.6	266.0	227.5	220.1
आरक्षित मुद्रा (1.1+1.2+1.3=2.1+2.2+2.3-2.4-2.5)	24,187.8	19,291.4	24,203.0	23,820.9	24,501.1
2 स्रोत					
2.1 भा.रि.बैं.के देशी ऋण	5,393.4	3,335.9	5,331.7	5,028.3	5,847.4
2.1.1 सरकार को निवल भा.रि.बैं. ऋण	4,759.6	7,196.3	4,655.5	6,182.3	6,001.3
2.1.1.1 केन्द्र सरकार को निवल भा.रि.बैं. ऋण (2.1.1.1.1+2.1.1.1.2+2.1.1.1.3+2.1.1.1.4-2.1.1.1.5)	4,742.9	7,188.5	4,654.6	6,174.9	6,001.8
2.1.1.1.1 केन्द्र सरकार को ऋण और अग्रिम	–	157.4	–	–	–
2.1.1.1.2 खज़ाना बिलों में निवेश	–	–	–	–	–
2.1.1.1.3 दिनांकित सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश	6,411.5	7,497.4	6,336.1	6,255.6	6,256.6
2.1.1.1.3.1 केन्द्र सरकार की प्रतिभूतियां	6,411.5	7,497.4	6,336.1	6,255.6	6,256.6
2.1.1.1.4 रुपया सिक्के	6.9	7.7	6.8	6.8	6.5
2.1.1.1.5 केन्द्र सरकार की जमाराशियां	1,675.6	474.1	1,688.3	87.5	261.4
2.1.1.2 राज्य सरकारों को निवल भा.रि.बैं. ऋण	16.8	7.8	0.9	7.4	-0.4
2.1.2 बैंकों पर भा.रि.बैं. के दावे	493.5	-3,914.2	536.0	-1,242.1	-246.4
2.1.2.1 अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों को ऋण और अग्रिम	493.5	-3,914.2	535.7	-1,242.1	-246.4
2.1.3 वाणिज्यिक क्षेत्र को भा.रि.बैं. के ऋण	140.3	53.7	140.3	88.0	92.5
2.1.3.1 प्राथमिक व्यापारियों को ऋण और अग्रिम	25.4	11.6	25.4	20.1	23.5
2.1.3.2 नाबार्ड को ऋण और अग्रिम	–	–	–	–	–
2.2 जनता के प्रति सरकार की मुद्रा देयताएं	256.5	251.6	256.5	256.5	256.5
2.3 भा.रि.बैं. की निवल विदेशी मुद्रा आस्तियां	27,607.8	23,932.7	27,596.8	27,779.6	28,026.3
2.3.1 सोना	1,397.4	1,288.3	1,407.2	1,397.4	1,399.2
2.3.2 विदेशी मुद्रा आस्तियां	26,210.6	22,644.6	26,189.8	26,382.4	26,627.3
2.4 पूंजी खाता	8,584.3	7,378.5	8,596.1	8,740.7	9,155.6
2.5 अन्य मदें (निवल)	485.6	850.4	385.8	502.8	473.6

सं. 11: आरक्षित मुद्रा - घटक और स्रोत

(बिलियन ₹)

मद	2017-18	मार्च 31/माह के लिए नियत अंतिम शुक्रवार/नियत शुक्रवार की स्थिति के अनुसार बकाया					
		2017	2018				
		अप्रैल 28	मार्च 30	अप्रैल 6	अप्रैल 13	अप्रैल 20	अप्रैल 27
	1	2	3	4	5	6	7
आरक्षित मुद्रा (1.1 + 1.2 + 1.3 = 2.1 + 2.2 + 2.3 + 2.4 + 2.5 - 2.6)	24,187.8	19,291.4	24,203.0	23,511.4	23,820.9	24,287.1	24,501.3
1 घटक							
1.1 संचलन में मुद्रा	18,293.5	14,321.1	18,300.7	18,425.7	18,732.5	18,896.1	19,036.5
1.2 भा.रि.बैं. के पास बैंकरों की जमाराशियां	5,655.3	4,793.6	5,636.3	4,868.0	4,861.0	5,175.6	5,244.8
1.3 भा.रि.बैं. के पास 'अन्य' जमाराशियां	239.1	176.6	266.0	217.7	227.5	215.4	220.1
2 स्रोत							
2.1 सरकार को निवल रिज़र्व बैंक ऋण	4,759.6	7,196.3	4,655.5	5,352.8	6,182.3	5,771.0	6,001.3
2.2 बैंकों को रिज़र्व बैंक ऋण	493.5	-3,914.2	536.0	-761.9	-1,242.1	-298.9	-246.4
2.3 वाणिज्यिक क्षेत्र को रिज़र्व बैंक ऋण	140.3	53.7	140.3	123.7	88.0	94.9	92.5
2.4 भा.रि.बैं. की निवल विदेशी मुद्रा आस्तियां	27,607.8	23,932.7	27,596.8	27,606.8	27,779.6	27,934.5	28,026.3
2.5 जनता के प्रति सरकार की मुद्रा देयताएं	256.5	251.6	256.5	256.4	256.5	256.7	256.8
2.6 भा.रि.बैं. की निवल गैर मौद्रिक देयताएं	9,069.9	8,228.9	8,982.0	9,066.4	9,243.5	9,471.1	9,629.2

सं. 12: वाणिज्यिक बैंक सर्वेक्षण

(बिलियन ₹)

मद	माह के नियत अंतिम शुक्रवार / माह के नियत शुक्रवार की स्थिति के अनुसार बकाया				
	2017-18	2017	2018		
		अप्रैल 28	मार्च 30	अप्रैल 13	अप्रैल 27
	1	2	3	4	5
1 घटक					
1.1 निवासियों की कुल जमाराशियां	113,286.6	104,283.4	113,286.6	112,320.6	112,814.3
1.1.1 मांग जमाराशियां	13,787.5	11,177.2	13,787.5	11,909.6	12,260.3
1.1.2 निवासियों की सावधि जमाराशियां	99,499.0	93,106.2	99,499.0	100,411.0	100,554.0
1.1.2.1 अल्पावधि सावधि जमाराशियां	44,774.6	41,897.8	44,774.6	45,185.0	45,249.3
1.1.2.1.1 जमा प्रमाण-पत्र	1,931.1	1,779.8	1,931.1	2,153.1	2,160.4
1.1.2.2 दीर्घावधि सावधि जमाराशियां	54,724.5	51,208.4	54,724.5	55,226.1	55,304.7
